दैनिक
# नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, सोमवार 26 अप्रैल 2021, शुक्लपक्ष-चर्तुदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-78 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

कोरोना के खिलाफ सबसे बड़ी लड़ाई तो घुंघरू सेठ ही लड़ रहे है। हर खबरिया चैनल पर हाथ जोड़ कर लोगों से गुजारिश कर रहे है और उन्हे समझाईश दे रहे है। यह अलग बात है कि दिनभर में सैकड़ों बार उनका थोबड़ा देखकर लोगों को उबकाई आने लगी है। दिल्ली में कोरोना संक्रमितों को न ऑक्सीजन मिल रही है न बेड और कोरोना जीवी दिखाए जा रहा है एड पर एड। ऐसे ऐड़े को अपना भाग्यविधाता बनाकर दिल्ली के बाशिंदे अब खून के आंसू रो रहे है लेकिन अब पछताए का होत है जब चिड़िया चुग गई खेत।

# अस्पतालों में इलाज और आगजनी की घटना रोकने पुख्ता प्रबंध हो : भूपेश

## मुख्यमंत्री ने रायपुर और दुर्ग संभाग के नगर पालिका परिषदों में कोरोना संक्रमण की स्थिति समीक्षा की

■ मरीजों की सहूलियत के लिए हर ग्राम पंचायत स्तर में ऑक्सीमीटर तथा दवाई की पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश

■ लोगों को राशन तथा आवश्यक सामग्रियों की सहजता से हो उपलब्धता

### कोरोना संक्रमण की टेस्टिंग को बढ़ाए जाने के लिए विशेष जोर

श्री बघेल ने नगर पालिका परिषदों में कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में हम सभी वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण कठिन दौर से गुजर रहे हैं। सबके सहयोग से इसे जल्द से जल्द हराना है। उन्होंने कोरोना संक्रमण की रोकथाम तथा मरीजों के सुगमता से इलाज के लिए अस्पतालों में बेहतर प्रबंधन के साथ ऑक्सीजन बेडो तथा आवश्यक दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी कोरोना संक्रमण का दौर चल रहा है, ऐसे हालात में किसी भी व्यक्ति को सर्दी, जुकाम तथा बुखार होने पर वे इसका तत्काल जांच कराए और दवा लेना प्रारंभ कर दें। इससे बीमारी को बढ़ने और गंभीर स्थिति जैसे हालात को समय रहते रोका जा सकता है। उन्होंने इस दौरान वैक्सीनेशन सहित कोरोना संक्रमण की टेस्टिंग को बढ़ाए जाने के लिए विशेष जोर दिया।

**रायपुर/ नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर एवं दुर्ग संभाग की सभी नगर पालिका परिषदों के अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति एवं बचाव के उपायों की समीक्षा की। आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेलमंगई डी. और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समीक्षा करते हुए नगरीय निकायों के हर गली-मोहल्ले में प्रतिदिन नियमित रूप साफ-सफाई और कचरा के निपटान के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान नगरीय निकायों के सभी गली-मोहल्लों में निरंतर भ्रमण कर यह भी निगरानी रखने के लिए निर्देशित किया कि वहां लोगों की भीड़ न हो और कोरोना का संक्रमण फैलने न पाए। उन्होंने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन भी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने इस दौरान नगरी निकाय क्षेत्र के अंतर्गत एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन तथा बस स्टेंड सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में बाहरी लोगों की सघन जांच और व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समीक्षा के दौरान अस्पतालों में आगजनी की घटना को रोकने और मरीजों के सुगमता से इलाज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## खास-खबर

### राजस्थान : 18 से अधिक को निशुल्क लगेगा टीका

**जयपुर(वार्ता)।** राजस्थान में राज्य में 18 से अधिक आयुवर्ग के सभी लोगों को कोरोना का टीका निःशुल्क लगाया जायेगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने अशोक गहलोत ने आज यह घोषणा करते हुए बताया कि इस पर करीब तीन हजार करोड़ रुपये की धनराशि खर्च होगी। श्री गहलोत ने कहा कि यह बेहतर होता कि राज्य सरकारों की मांग के अनुसार केंद्र सरकार 60 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की तरह ही 18 वर्ष से 45 वर्ष तक की आयु के युवाओं के टीकाकरण का भी व्यय वहन करती।

### चेन्नई ने बेंगलुरु को दी करारी शिकस्त

**मुंबई (वार्ता)।** आलराउंडर रवींद्र जडेजा के कमाल के हरफनमौला खेल की बदौलत बदौलत चेन्नई सुपरकिंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल मुकाबले में रविवार को 69 रन से हरा दिया और अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गया।

## ऑक्सीजन की कमी से जूझ रही दिल्ली को थोड़ी राहत

# देश की धड़कन दिल्ली की ऑक्सीजन बढ़ाएगा छग

*राज्य से आज पहुंचेंगे 4 टैंकर, 70 मैट्रिक टन लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन होगी*

**रायपुर/नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में ऑक्सीजन की कमी की वजह से हाहाकार मचा हुआ है। कई अस्पतालों में पिछले कुछ दिनों में लगातार ऑक्सीजन की कमी देखी जा रही है। कुछ अस्पतालों को तो अपने यहां भर्ती मरीजों की जान बचाने के लिए हाई कोर्ट तक का दरवाजा खटखटाना पड़ गया। इन सबके बीच ऑक्सीजन पर कुछ राहत देने वाली खबर सामने आई है। छत्तीसगढ़ से ट्रेन के जरिए से चार ऑक्सीजन के टैंकर्स सोमवार को दिल्ली पहुंच सकते हैं। रेलवे मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी है। ऑक्सीजन की कमी की वजह से दिल्ली के कुछ अस्पतालों में कई मरीजों की जान तक जा चुकी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में लागू लॉकडाउन को एक और हफ्ते के लिए बढ़ाने का रविवार को ऐलान करते हुए कहा कि दिल्ली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### जिंदल स्टील से पहुंचेगी ऑक्सीजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बीते दिनों हुई मुख्यमंत्रियों की बैठक के दौरान भी अरविंद केजरीवाल ने ऑक्सीजन एक्सप्रेस को दिल्ली के लिए चलाने की अपील की थी। केजरीवाल ने कहा था कि कई जगह के लिए ऑक्सीजन एक्सप्रेस चलाई जा रही है, दिल्ली के लिए भी शुरू होनी चाहिए। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सुनीत शर्मा ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया, ''छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में स्थित जिंदल स्टील वर्कस से दिल्ली कैंट के लिए आज रात चार टैंकरों के साथ एक ऑक्सीजन स्पेशल ट्रेन चलेगी। इसमें तकरीबन 70 मैट्रिक टन लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन होगी।'' उन्होंने आगे बताया कि मुझे जानकारी दी गई है कि टैंकर ट्रेन पर लोड किए जा रहे हैं। रेलवे ने पहले ही ट्रेन मुहैया करवा दी है जोकि पूरी तरह से तैयार है। जैसे ही ऑक्सीजन टैंकरों को लोड कर दिया जाएगा, तुरंत ही ट्रेन दिल्ली के लिए चल देगी।

## छत्तीसगढ़ की ऑक्सीजन बनी अन्य राज्यों के लिये संजीवनी बूटी

■ सीएम बघेल के दिशानिर्देश पर अतिरिक्त मेडिकल आक्सीजन की अन्य राज्यों को की जा रही आपूर्ति

■ 11 अप्रैल से 24 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ ने 2706.95 मेट्रिक टन आक्सीजन की अन्य राज्यों को की मदद

**रायपुर।** कोरोना महामारी के संकट के इस काल में छत्तीसगढ़ में उत्पादित मेडिकल ऑक्सिजन अन्य राज्यों की कोरोना पीड़ितों के लिये संजीवनी का काम कर रही है । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के दिशानिर्देश पर कोविड संक्रमण के समय न केवल छत्तीसगढ़ में मेडिकल आक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, बल्कि छत्तीसगढ़ में स्थानीय उपभोग के अतिरिक्त शेष मेडिकल आक्सीजन की अन्य जरूरतमंद राज्यों को भी आपूर्ति की जा रही है।

### इन राज्य को दे रहें

11 अप्रैल से 24 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ से 2706.95 मेट्रिक टन आक्सीजन की अन्य राज्यों को आपूर्ति कर जरूरतमंद राज्यों को सहायता पहुंचाई गई है। 11 अप्रैल से 24 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ से कर्नाटक को 16.82 मेट्रिक टन, आंध्रप्रदेश को 176.69 मेट्रिक टन, मध्यप्रदेश को 801.22 मेट्रिक टन, गुजरात को 120.42 मेट्रिक टन, तेलंगाना को 578 मेट्रिक टन,और महाराष्ट्र को 1013.8 मेट्रिक टन मेडिकल आक्सीजन की आपूर्ति की गई है।

## मन की बात : सरकार का बड़ा ऐलान

# पीएम केयर्स फंड से बनेंगे 551 ऑक्सीजन प्लांट

■ कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी का संकट गहराता जा रहा

**नई दिल्ली/ए.।** कोरोना वायरस संकट के बीच देश में ऑक्सीजन को लेकर जारी हाहाकार के बीच केंद्र की मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने ऐलान किया है कि पीएम केयर्स फंड के जरिए देशभर के सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन बनाने वाले 551 पीएसए (प्रेशर स्विंग एडसॉर्प्शन) संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। बता दें कि कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी का संकट गहराता जा रहा है। हर दिन ऑक्सीजन की कमी की वजह से कई लोगों की मौतें हो जा रही हैं।

पीएमओ कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों और इसके मद्देनजर अस्पतालों में तेज होती ऑक्सीजन की मांग के मद्देनजर प्रधानमंत्री नागरिक सहायता और आपात राहत कोष (पीएम केयर्स) से देश के विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य केंद्रों में 551 पीएसए चिकित्सीय ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों की स्थापना की जाएगी।

### संयंत्रों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में रविवार को कहा कि पीएम केयर्स कोष ने इन संयंत्रों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने इन संयंत्रों को जल्द से जल्द क्रियान्वित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इन संयंत्रों से जिला स्तर पर ऑक्सीजन की उपलब्धता को बल मिलेगा। इन संयंत्रों की स्थापना विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# कोरोना के दूसरे तूफान को भी परास्त करेंगे : मोदी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि कोरोना के दूसरे तूफान ने देश के हौसले एवं आत्मविश्वास को झकझोर दिया है लेकिन डॉक्टरों एवं विशेषज्ञों की राय पर चलते हुए सरकार एवं समाज के धैर्य और अनुशासन पूर्वक सामूहिक प्रयासों से इसे भी परास्त करेंगे। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले उनके मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के आज के अंक को केवल पर कोरोना पर केन्द्रित रखा और कहा कि आज की सबसे बड़ी प्राथमिकता कोरोना को हराना है। उन्होंने कहा, मैं आपसे मन की बात एक ऐसे समय कर रहा हूं जब कोरोना हम सभी के धैर्य हम सभी के दुख बर्दाश्त करने की सीमा की परीक्षा ले रहा है। बहुत से अपने हमें असमय छोड़कर चले गए। कोरोना की पहली लहर के समय देश हौसले एवं आत्मविश्वास से भरा हुआ था लेकिन इस तूफान ने हमें झकझोर कर रख दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय हमें इस लड़ाई को जीतने के लिए विशेषज्ञ और वैज्ञानिक सलाह को प्राथमिकता देनी है। राज्य सरकार के प्रयत्नों को आगे बढ़ाने में केन्द्र सरकार पूरी शक्ति से जुटी हुई है। राज्य सरकारें भी अपना दायित्व निभाने की पूरी कोशिश कर रहीं हैं।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि उन्हें अगर कोई भी जानकारी चाहिए हो, कोई और आशंका हो तो सही स्रोत से ही जानकारी लें। उन्होंने कहा, आपके जो पारिवारिक डॉक्टर हो, आस-पास के डॉक्टर हों, आप उनसे फोन से संपर्क करके सलाह लीजिए। मैं देख रहा हूं कि कई डाक्टर खुद भी ये जिम्मेदारी उठा रहे हैं। वे सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारियां दे रहे हैं। यह पहल बहुत ही सराहनीय है।

### न्यायिक अधिकारियों को माना जाए फ्रंटलाइन वर्कर : पीआईएल

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है, जिसमें न्यायिक अधिकारियों को फ्रंटलाइन वर्कर मानने और उनके एवं परिजनों के लिए कोविड अस्पताल चिह्नित करने की मांग की गयी है। अधिवक्ता शोभा गुप्ता की ओर से दायर जनहित याचिका में न्यायालय से न्यायिक अधिकारियों की आवासीय कॉलोनियों में औषधालय बनाने और अदालत परिसर के पास प्राथमिकता के आधार पर औषधालय बनाने की मांग की गयी है। याचिका में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए लोगों के नाम बताये गये हैं।

# रेमडेसिविर की कालाबाजारी करने वाला गैंग पकड़ाया

### ग्राहक बने पुलिसकर्मियों को ही बेच रहे थे इंजेक्शन

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में रेमडेसिविर की कालाबाजारी करने वाली एक गैंग को पकड़ा है। गैंग के सदस्य लोगों की मदद के नाम पर इंजेक्शन की व्यवस्था करते थे और फिर जरूरतमंदों को 25 हजार रुपये तक में बेचते थे। पुलिस ने गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार करने के साथ उनके पास से सात इंजेक्शन भी बरामद किए। पुलिस ने गैंग के सदस्यों को शहर के सरस्वती नगर और मौदहापारा इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शहर में लंबे समय से रेमडेसिविर की कालाबाजारी की सूचना मिल रही थी। पुलिस की साइबर सेल लगातार इस पर नजर रख रही थी।

## ऑक्सीजन, रेमडेसिविर की होड़-

# दिग्गज डॉक्टरों ने कहा- किसे इसकी जरूरत, किसे होगा नुकसान

■ मेदांता के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा कि अनुलोम-विलोम से फेफड़े को मजबूती मिलती है

**नई दिल्ली/ए.।** एम्स डायरेक्टर डॉ. रणदीप ने कहा कि लोग घबराहट में आकर रेमडेसिविर और ऑक्सिजन सिलिंडर खरीदकर घर में जमा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 से 15 प्रतिशत कोरोना मरीजों को ही इनकी जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि सबको समझना चाहिए कि कोविड महामारी गंभीर बीमारी नहीं है। यह सिर्फ 10 से 15 प्रतिशत में ही गंभीर होती है और उन्हें अस्पताल ले जाने की जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा, मैं यही कहूंगा कि कोविड-19 महामारी है, वो ज्यादातर मामलों में एक मामूली संक्रमण है। 90 से 95 प्रतिशत लोगों में आम बुखार, जुकाम, नजला, गले में खरास, बदन दर्द जैसे लक्षण होते हैं। इन्हें ना ऑक्सिजन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### रेमडेसिविर कोई जादुई दवा नहीं, नुकसान भी करती है : डॉ. गुलेरिया

डॉ. गुलेरिया ने कहा कि पहली बात यह कि कोरोना वायरस से सामान्य संक्रमण होता है, 10 से 15 प्रतिशत लोगों में यह गंभीर हो सकता है। दूसरी बात यह कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की जांच में स्पष्ट हो सकता है कि रेमडेसिवर से न तो मरीज की जान बचती है, न हॉस्पिटल में आपके भर्ती रहने का वक्त घटता है। उन्होंने कहा, अमेरिका की एक स्टडी में कहा गया है कि मॉडरेट से सिवियर यानी मध्यम से गंभीर संक्रमण के मरीजों को रेमडेसिविर दें तो उन्हें हॉस्पिटल से जल्दी छुटकारा मिल सकता है। ध्यान रहे कि माइल्ड यानी मामूली संक्रमण में इसकी जरूरत नहीं है।

### ऐसी स्थिति में होती है वेंटिलेटर सपॉर्ट की दरकार

उन्होंने यह भी कहा कि 10-15 प्रतिशत लोगों में गंभीर संक्रमण हो सकता है। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों को क्या करना चाहिए। डॉ. गुलेरिया ने कहा, ऐसे लोगों को ऑक्सिजन के साथ दवाइयों की जरूरत पड़ सकती है, जिनमें स्ट्रॉइड्स हैं, रेमडेसिविर भी है, कभी-कभी हम प्लाज्मा भी देते हैं। 5त्न से भी कम ऐसे मरीज होते हैं जिन्हें ज्यादा तेज दवाई देने की जरूरत पड़ती है या वेंटिलेटर सपॉर्ट पर रखना पड़ता है।

## टीकाकरण

## केन्द्र सरकार ने युवाओं को लगने वाने टीकाकरण से पहले बनाई नई रणनीति

# कोविन पोर्टल पर बिना रजिस्ट्रेशन युवाओं को नहीं लगेगा कोरोना का टीका

**नई दिल्ली/ए. ।** कोविड-19 एंटीबॉडी टीका लगवाने के इच्छुक 18 से 45 साल की आयु के लोगों के लिए कोविन वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराना और टीकाकरण के लिए समय लेना अनिवार्य होगा क्योंकि प्रारंभ में टीकाकरण केन्द्र पर पंजीकरण कराने की अनुमति नहीं है।

आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हालांकि 45 से अधिक आयु के लोग टीकाकरण केन्द्र पर पंजीकरण कराकर टीका लगवा सकते हैं।

### निजी अस्पतालों को खरीदना पड़ेगा टीका

टीका लगवाने के इच्छुक 18 से 45 साल की आयु के लोगों के लिये 28 अप्रैल से कोविन पोर्टल और आरोग्य सेतू ऐप पर पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। टीकाकरण की प्रक्रिया और टीका लगवाने के लिये पेश किये जाने वाले दस्तावेज वही रहेंगे। फिलहाल निजी कोविड-19 टीकाकरण केन्द्र सरकार से टीकों की खुराकें लेकर 250 रुपये प्रति खुराक के हिसाब से लोगों को दे रहे हैं। एक मई से यह व्यवस्था खत्म हो जाएगी और निजी अस्पतालों को सीधे टीका निर्माताओं से खुराकें खरीदनी होंगी।

### युवाओं को पंजीयन करना जरूरी

गौरतलब है कि देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में अचानक भारी वृद्धि होने के मद्देजनजर 18 वर्ष के अधिक आयु के सभी लोगों को एक मई से टीका लगाने का निर्णय लिया गया है। एक अधिकारी ने कहा, सभी को टीके लगाने की शुरुआत होने के बाद टीकों की मांग में वृद्धि होने का अनुमान है। भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 18 से 45 साल की आयु के लोगों के लिये कोविन ऐप पर पंजीकरण कराना और टीका लगवाने के लिये समय लेना अनिवार्य किया गया है। प्रारंभ में टीकाकरण केन्द्रों पर पंजीकरण कराने की अनुमति इसलिये नहीं होगी ताकि गहमागहमी न हो।

### 45 साल से अधिक वालों को नि :शुल्क टीका

राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण रणनीति के अनुसार सरकारी टीकाकरण केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मियों, अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर्मियों और 45 साल से अधिक आयु के लोगों को केन्द्र सरकार की ओर से निशुल्क टीके लगाए जाते रहेंगे। टीका निर्माताओं को एक मई से पहले खुले बाजार में राज्य सरकरों के लिये उपलब्ध टीकों की आपूर्ति के लिये 50 प्रतिशत दाम की पहले ही घोषणा करनी होगी।

## न्यूज गैलरी

### अधिकारियों ने जीवनदीप को दिए 1 लाख

**दुर्ग।** नोबेल कोरोनावायरस को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा महामारी घोषित करने के फ्लस्वरूप छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिसटीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अध्यक्ष श्री संजय पटेल एवं उनके सहपाठियों द्वारा जनहित में जिला चिकित्सालय दुर्ग में कोविड.19 मरीजों की तत्काल सहायता के रूप में एक लाख नगद राशि जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय दुर्ग को श्री खेमलाल वमा, अनुभागीय दंडाधिकारी एवं नोडल अधिकारी जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं डॉ. पीआर बालकिशोर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक की उपस्थिति में राशि प्रदान की गई।

### मुस्लिम समाज के कार्यो को मंत्री ने सराहा

**भिलाई।** दारुल राहत कोविड.19 केयर सेंटर सेक्टर 6 में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तुलसी साहू ने सेक्टर 6 पहुच कर निरीक्षण किया, जहां मुस्लिम समाज के द्वारा सर्वधर्म संभाव देखकर गदगद हुई। विदित हो की श्रीमती साहू दारुल राहत कोविड केयर सेंटर पहुँची और वहां की व्यवस्था देखकर जानकारी हासिल की जहां कोविड केयर सेंटर के सदस्यों से हाल चाल पूछा मरीजों की कुशलक्षेम पूछी और मुस्लिम समाज के द्वारा किये जा रहे जनहित के कार्यो को देखकर उपस्थित सदस्यों का हौसला अफजाई की वहां की व्यवस्था देखी उन्होंने मुस्लिम समाज द्वारा कोविड केयर सेंटर खोलने की प्रशंसा की और इस पर आसपास के क्षेत्रों की के लोगों को इस कोविड केयर सेंटर से स्वास्थ्य लाभ होने पर संकट के समय जनहित का कार्य बताया। साथ ही दारुल राहत कोविड.19 केयर सेंटर के सदस्य को दुर्ग जिला प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर को कलेक्टर द्वारा जानकारी दी गई कि मुस्लिम समाज द्वारा भी भिलाई सेक्टर 6 में कोविड सेंटर जनहित को देखते हुवे तो उनके द्वारा फोन कर समाज द्वारा कोविड केयर सेंटर खोलने का बधाई देते हुए कहा कि इस सराहनीय व अन्य लोगो के लिए प्रेरणा दायी कार्य बताया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन की पैनी नजर

**दुर्ग।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज दुर्ग और पाटन ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों का सघन दौरा किया। यहां पर इन्होंने टेस्टिंग की मॉनिटरिंग की और कोरोना मरीजों के चिन्हांकन की समीक्षा की कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे के पश्चात कोरोना के लक्षण वाले मरीजों को ग्रामीणों को तुरंत टेस्टिंग सेंटर भेजा जाए। यहां पर टेस्ट के पश्चात उनका मेडिकल परीक्षण कर प्रोटकॉल के मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पल्स ऑक्सीमीटर के माध्यम से लोगों के ऑक्सीजन लेवल की हो रही जांच का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शत.प्रतिशत ग्रामीणों का सर्वे आवश्यक है ताकि कोरोना के लक्षण वाले मरीजों की पहचान की जा सके। क्वारन्टीन सेंटर में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक मुनादी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना के लक्षणों के संबंध में लोगों को लगातार जानकारी दी जाए तथा कोरोना के सर्दी खासी बुखार जैसे लक्षण मिलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

# जागरूक करने शहर में फ्लैग मार्च

**भीड़ लगाने वाले और बेवजह घूमने वाले 6 पर हुई कार्यवाही**

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** शाम 6 बजे लॉकडाउन के प्रति लोगो को जागरूक करने दुर्ग एसपी प्रशांत ठाकुर, कमिश्नर हरेश मंडावी, एसडीएम विनय पोयाम, सीएसपी विवेक शुक्ला, तहसीलदार पार्वती पटेल के अलावा पुलिस बल ने शहर में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान इंदिरा मार्केट स्टेशन रोड के थोक किराना दुकानों में एकत्र भीड़ और चौक चौराहों में बेवजह घूमने वाले 6 लोगों पर जिला प्रशासन और निगम प्रशासन के अधिकारियों ने कार्यवाही कर 3600 रुपए का जुर्माना किया ।

जिला प्रशासन और निगम प्रशासन के आला अधिकारियों ने घर से बाहर निकल कर बेवजह बाहर घूमने वाला को पूछताछ कर घर वापस लौटाया । नगर निगम अमला एव शहरी थाना के सभी थाना प्रभारी संध्या 6 बजे शहर के मुख्य जगहों पटेल चौक से ग्रीन चौकएअग्रेसन चौक से स्टेशन रोड के अलावा अन्य जगहों पर 3 घंटे फ्लैग मार्च किये । इस दौरान शहर के कुछ क्षेत्रों में दुकानों पर भीड़ भाड़ नजर आया वहां जाकर दुकानदार और एकत्र भीड़ को समझा इस दिए और अपनी कर कहा की कोरोना संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए मास्क लगाना और सोशल डिस्टेंस का पालन करना आवश्यक है शासन के निर्देश निर्देशानुसार किराना दुकान वालों को होम डिलीवरी की अनुमति दी गई है कृपया आप सभी संबंधित दुकानदारों से होम डिलीवरी करा कर अपनी आवश्यकता का सामान प्राप्त करें लेकिन किसी भी स्थिति में थोक दुकान या किराना दुकानों में जाकर भीड़ ना बढ़ाएं।

# परस्पर सहयोग से जीतेंगे कोरोना से लड़ाई : वोरा

**आपदा में राजनैतिक अवसर ना तलाशे भाजपा**

नवप्रदेश संवाददाता



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में कोरोना महामारी के बीच प्रदेश के भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस सरकार के खिलाफ दिए गए धरने पर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने भारतीय जनता पार्टी को आपदा में राजनीति नहीं करने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि राजनीति करने के लिए कई मुद्दे मिल सकते हैं किंतु यह समय कोरोना के विपक्ष की भूमिका निभाने की है।

एक तरफ प्रधानमंत्री एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर कोरोना से लड़ाई लड़ने की बात करते हैं वहीं दूसरी तरफ प्रदेश भाजपा धरने पर बैठ कर खानापूर्ति करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। रेमडीसीवर इंजेक्शन से लेकर ऑक्सीजन तक प्रदेश में किसी तरह की दवाइयों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस सरकार द्वारा उठाए गए ठोस कदमों की वजह से ही लगातार संक्रमण दर में गिरावट और ठीक होने वालों की संख्या में बढ़त दर्ज की जा रही है। जनता के लिए अगर भाजपा नेता अच्छा करना चाहते हैं तो उन्हें प्रधानमंत्री से वेन्टीलेटर्स, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू यूनिट व सामान कीमत पर वैक्सीन की आपूर्ति का आग्रह करना चाहिए। किसानों को 25 सौ समर्थन मूल्य के भुगतान की तरह ही वैक्सीनेशन प्रोग्राम में भी केंद्र सरकार ने राज्य पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ मढ़ने का कार्य किया है जो बेहद दुर्भाग्यजनाक है। किंतु मुख्यमंत्री ने पूरी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सभी के लिए मुफ्त वैक्सीन की घोषणा की है जिसके लिए उनकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। श्री वोरा ने भाजपा नेताओं को राजनीति को परे रखते हुए आम जनता के हित में एकजुट होकर काम करने की सलाह दी है।

**डॉक्टर, नर्स और सफाई कर्मचारियों का बढ़ाया हौसला**

# चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिले देवेन्द्र

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** विधायक देवेंद्र यादव लगातार कोरोना मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। उन्हें कोई परेशान न हो इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक यादव चंदुलाल चंद्राकर अस्पताल पहुंचे। जहां वे पीपीटी किट पहन कर अस्पताल के विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से मिले। उनका हालचाल जाना और समस्याओं की जानकारी ली। विधायक यादव अस्पताल के इंचार्ज डॉ. अनिल शुक्ला सहित उनकी पूरी मेडिकल टीम के नर्स, वार्ड ब्वाय और सफाई कर्मचारियों से मिले। उनका हौसला अफजाई किया और कहा कि कोरोना काल में आप सभी लगातार काम कर रहे हैं। मरीजों की सेवा में दिन रात जुटे है। इसके लिए वे और उनकी पूरी टीम हम सब आप सब के आभारी है। आप सब ऐसा ही काम करते रहे। हम आपके साथ है। हम सब मिलकर कोरोना को हराएंगे।

विधायक यादव ने अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सो से बातचीत की और कहा कि वे नियमित वार्डो का निरीक्षण करें। वार्ड में भर्ती मरीजों का चेकअप करें और जरूरी दवाइयों से लेकर जो भी इलाज के लिए जरूरी है। वो पहल करें। समय पर मरीजों को बेहतर ट्रीटमेंट मिलेगा तो मरीज जल्द ठीक हो कर अपने घर जा सकें। इसके लिए हम सब को मिल कर प्रयास करना होगा। इसके अलावा मरीजों को ठीक से समय पर भोजन मिल रहा है कि नहीं। इसकी भी जानकारी ली। मरीजों ने विधायक देवेंद्र यादव को बताया कि भोजन बहुत अच्छा है और समय पर उन्हें मिलता है।

इसके साथ ही वार्डो के निरीक्षण के दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने देखा कि अस्पताल में कई जब अंधेरा है। इसके लिए विधायक श्री यादव ने प्रकाश की बेहतर व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही मेडिकल वेस्टेज आदि की बदबू को दूर करने के लिए अस्पताल में रूम फ्रेशनर का उपयोग करने निर्देशित किया। ताकि अस्पताल में अच्छा माहौल बना रहे। साथ ही सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से ठीक से सफाई करें।

### बेड उपलब्ध

**दुर्ग।** जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में ऑक्सीजन बेड उपलब्ध है। हॉस्पिटल स्टाफ द्वारा किए जा रहे लगातार प्रयासों के चलते जिले में रिकवरी रेट तेजी से बढ़ा है। इसके चलते मरीज तेजी से डिस्चार्ज हो रहे हैं और ऑक्सीजन बेड उपलब्ध हो रहे हैं। अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# बीएसपी प्रबंधन ने की कार्मिकों पर कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** इस्पात संयंत्र के पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन 2 में 24 अप्रैल की प्रातः लगभग 7 बजे पीबीएस-2 प्लांट के कुछ कार्मिकों ने एसटीजी-4 के कंट्रोल रूम के अंदर ज़बरदस्ती व् अनाधिकृत रूप से घुस कर स्टीम टर्बो जेनेरटर.4 इकाई का पूरा ऑपरेशन बंद कर दिया। इसके परिणाम स्वरूप बॉयलर प्रेशर बढ़ जाने की वजह से स्टीम टर्बो जनरेटर शट डाउन हो गया और इसके सभी सेफ्टी वाल खुल गए जिसके कारण 22.5 मेगा वाट पावर जनरेशन बंद हो गया। प्रातः7.10 पर शिफ्ट इंचार्ज को जब यह ज्ञात हुआ कि एसटीजी.4 को बंद कर दिया गया है उसने तत्काल आवश्यक कदम उठाते हुए एसपीजी 4 को पुनः चालू करने की प्रक्रिया प्रारंभ किया। विदित हो कि एसटीजी.4 के बंद होने से संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट में विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती और ऑक्सीजन उत्पादन ठप हो जाता। उल्लेखनीय है की संयंत्र से संपूर्ण देश के विभिन्न अस्पतालों को ऑक्सीजन सप्लाई किया जा रहा हैं इस कृत्य से ऑक्सीजन सप्लाई बाधित हो सकती थी। आज राष्ट्रीय विपदा में ऑक्सीजन संकट को उत्पन्न करना, निश्चित ही एक राष्ट्रद्रोह है। कार्मिकों के इस कृत्य को प्रबंधन ने बेहद गंभीरता से लेते हुए इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के साथ ही पुलिस थाने में इनके विरुद्ध शिकायत की है। इसके अतिरिक्त एसटीजी.4 के बंद होने से संयंत्र में सुरक्षा का संकट खड़ा होने की संभावना थी। यदि सेफ्टी वॉल समय पर नहीं खुलते तो ब्लास्ट फर्नेस को जाने वाले स्टीम पाइप लाइन के फटने की संभावना बन जाती है जिससे ब्लास्ट फर्नेस.5ए ब्लास्ट फर्नेस.7 तथा ब्लास्ट फर्नेस.8 के बंद होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती और भयंकर रूप से उत्पादन प्रभावित होने के साथ ही जान.माल की हानि भी होने की संभावना थी। जब पूरे देश में कोरोना का संकट चल रहा है ऑक्सीजन की भारी जरूरत है, अस्पतालों में मरीज तड़प रहे है ऐसे वक्त में लोगों के जीवन से खिलवाड़ करना बेहद शर्मनाक है।

# पुलिस ने किया भिलाई नगर और छावनी क्षेत्र में फ्लैग मार्च

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** कोरोना संक्रमण के दूसरे लहर के चिन्ताजकनक परिणामों से सभी परिचित हैं। शासन प्रशासन की प्रतिबद्धताओं एवं कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु दृढ़ संकल्पित पुलिस ने भिलाई नगर एवं छावनी के संपूर्ण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को लॉकडाउन के नियमों का कड़ाई से पालन करने एवं लॉक डाउन की तिथि को बढ़ाकर 6 मई किए जाने के संबंध में जानकारी प्रदान कर किया तथा जनता से अपना सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील की।

फ्लैग मार्च का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रज्ञा मेश्राम के नेतृत्व में भिलाई 3 थाने से प्रारंभ किया गया। फ्लैग मार्च में नगर पुलिस अधीक्षक छावनी विश्वास चंद्राकर, पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर राकेश जोशी, उपपुलिस अधीक्षक अजाक अभिषेक झा एवं साथ में उक्त क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। थाना भिलाई 3 से प्रारंभ होकर फ्लैग मार्च मुख्यमंत्री निवास सिरसा चौक, चरोदा खुर्सीपार क्षेत्र, छावनी, लिंक रोड जवाहर मार्केट से निकलकर वैशाली नगर, समृति नगर, सुपेला थाना क्षेत्र तत्पश्चात भिलाई नगर के सेक्टर एरिया नेवई थाना अंतर्गत समस्त क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। उक्त फ्लैग मार्च के दौरान समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा लिंक रोड से निकलकर जलेबी चौक तत्पश्चात रामलू चौक होते हुए जवाहर चौक तक पैदल मार्च किया गया। रास्ते पर मिलने वाले समस्त लोगों से लॉक डाउन का कड़ाई से पालन करने एवं स्वयं को कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु उचित दिशा निर्देश प्रदान किए गए और प्रशासन की मदद करने अपिलकी गयी। फ्लेग मार्च के दौरान सूर्या माल चौक पर स्वयं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने उपस्थित होकर समस्त अधिकारी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया एवं कोरोना गाइडलाइन तथा फ्लैग मार्च से संबंधित उचित दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से उनके स्वास्थ्य एवं परिवार जनो के कुशल क्षेम जानकारी प्राप्त की तथा अतिरिक्त कोरोना ड्यूटी में सतत रूप से लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को मास्क एवं सैनिटाइजर मुहैया कराने हेतु रक्षित निरीक्षक को निर्देशित किया। ग्लोब चौक सेक्टर-6 में उपस्थित समस्त स्टाफ से फ्लैग मार्च हेतु बधाई दी।

# कुछ पल इन वीर योद्धाओं के साथ : जीव दया ग्रुप

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव पर जीव दया ग्रुप की द्वारा सेवा कर रहे पुलिसकर्मी को शीतल जल और जूस का वितरण किया गया। लाक़डाउन के दौरान ट्राफ़िक पुलिस और शहर के सभी पुलिसकर्मी अपनी सेवा दे रहे साथ ही सभी पुलिसकर्मी को चिड़ियों को पानी पिलाने के लिए सकोरा का वितरण किया गया और अपील किए की भीषण गर्मी में अपने छत पे सकोरा अवस्य रखे। पटेल चौक, राजेंद्र पार्क चौक, मालवीय नगर, अग्रसेन चौक, सिटी कोतवाली और महिला थाना में वितरण किया गया। उक्त अवसर पर अशोक लोढ़ा, अमित बाफना, राहुल कोचर, आदित्य नाहर, महेश पारख, नीरज लूनावत, प्रफुल्ल चोपड़ा, विनय ओस्तवाल, प्रियंक बुरड, लाभ छाजेड, प्रवेश पारख मौजूद रहे।

### विलंब से पोर्टल में दर्ज हुई रिपोर्ट

**दुर्ग (नवप्रदेश)।** भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की रिम्स लैब रायपुर में 3 अप्रैल की आरटीपीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। 11 अप्रैल को उन्होंने चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल आरटीपीसीआर लैब से जांच करवाई। जिसकी रिपोर्ट आने में विलंब होने के कारण उन्होंने पुनः 13 अप्रैल को चंदूलाल चंद्राकर आरटीपीसीआर लैब में जांच करवाया जिसकी रिपोर्ट नेगेटिव आई। 11 अप्रैल की आरटीपीसीआर रिपोर्ट चंदूलाल चंद्राकर लैब द्वारा विलंब से 20 अप्रैल को आईसीएमआर पोर्टल पर अपलोड कर दिया गयाए जिसके कारण उनका नाम 20 अप्रैल की लाइन लिस्ट में आया।यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर ने दी।

## निधन

### शैखलाल अशरफी

**भिलाई (नवप्रदेश)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहद्दिसे आजम मिशन के अध्यक्ष महबूब मसाला शॉप कैम्प 2 मार्केट के संचालक हाजी शैख लाल अशरफी कैम्प 2 निवास पर देहांत हो गया वे 78 साल के थे।

### उमा बाई सेन

**भिलाई (नवप्रदेश)।** नहरपार केम्प दो वार्ड 34 गांधी चौक बिहारी मोहल्ला निवासी उमा बाई सेन उम्र 85 वर्ष का निधन 25 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में रविवार को किया गया। वे कांग्रेस नेता स्व. बरनलाल सेन की पत्नी, सेलून व्यवसायी भूषण सेन की मां और मनोज सेन व देवेंद्र सेन की दादी थीं।

### संजीव जैन

**दुर्ग (नवप्रदेश)।** भाजपा आईटी सेल के पूर्व सहसंयोजक सीए संजीव जैन का आज प्रातः 4 बजे निधन हो गया।

### दातार सिंह तोमर

**भिलाई (नवप्रदेश)।** सेवानिवृत्त एसडीओ सिचाई विभाग 1/3 प्रोफेसर कालोनी नेहरुनगर पश्चिम भिलाई निवासी क्षत्रिय कल्याण सभा के आजीवन सदस्य दातार सिंह तोमर (डीएस तोमर) 70 वर्ष का निधन हो गया। वे कवियित्री सरोज तोमर के पति थे।

**जज्बे को सलाम..** डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने घरों तक पहुंच रहे है हमारे सफाई कामगार...

# सफाई मित्रों के कार्यों की लोगों ने की जमकर सराहना

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीजों के घरों से कचरा निकालने के लिए पृथक से इंतजाम किया गया है! इसके लिए उपलब्ध संसाधन और कार्यरत सफाई कर्मचारियों में से अलग से सफाई वाहन एवं सफाई मित्र की व्यवस्था की गई है। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सफाई कर्मचारी होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीज के घरों तक पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। घरों में रह रहे होम आइसोलेशन के पॉजिटिव मरीज के परिजन इस कार्य की खूब सराहना कर रहे हैं उनका कहना है कि कोविड की जांच रिपोर्ट आने के बाद आसपास के लोग भी दूरी बना लेते हैं परंतु निगम का सफाई अमला बिना हीन भावना के नियमित जैसे आते थेए वैसे ही आकर अपना कार्य कर रहे हैंए उनके व्यवहार में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं है! इस प्रकार के जज्बे को देखते हुए लोगों ने सफाई कर्मचारियों की जमकर तारीफ की है वहीं निगम प्रशासन का इसके लिए धन्यवाद दिया है। पॉजिटिव पेशेंट के घरों से निकले कचरा को पृथक से डिस्पोज किया जा रहा है! इस कचरे को सामान्य कचरे से अलग रखकर नष्ट किया जा रहा है। होम आइसोलेशन वाले घरों में स्टीकर चस्पा किया होता हैए सफाई मित्रों को मालूम है कि इन घरों में होम आइसोलेशन के मरीज रह रहे होते हैं। इसको देखते हुए सफाई मित्रों को दस्ताना, गम बूट, इत्यादि सुरक्षा सामग्री एहतियात के तौर पर मुहैया कराया गया है। होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीज के परिजन भी समझदारी से कार्य कर रहे हैं और गीला कचरा तथा सूखा कचरा को पृथक से दे रहे हैं तथा सफाई वाहन के आने पर मास्क का उपयोग कर घर के सामने खड़े सफाई वाहन तक पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार के छोटे.छोटे उपायों को अपनाने की आवश्यकता है। कोरोनावायरस से संक्रमित घरों से प्रतिदिन कचरा कलेक्ट करने का जज्बा केवल हमारे सफाई मित्रों में ही है।

**ई.रिक्शा साबित हो रहा है कारगर : आयुक्त**

निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर शत प्रतिशत सफाई कर्मियों को कोविड का टीका लग चुका है। लॉकडाउन के इस दशा में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन प्रतिदिन सामान्य घरों से भी एकत्रित किया जा रहा है। निगम क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के कार्य के लिए ई.रिक्शा आने के बाद कचरा कलेक्शन में तेजी आई है। कचरे के परिवहन के साथ ही प्रदूषण को कम करने में भी ई.रिक्शा कारगर साबित हो रहा है। शिवाजी नगर के जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि होम आइसोलेशन में रह रहे कोविड पेशेंट के घरों से सूखा कचरा एवं गीला कचरा अलग.अलग लिया जा रहा है! साथ ही सूखा कचरा में दवाइयां इत्यादि के रैपर मिश्रित होते हैं जिन्हें पृथक करते हुए अलग से डिब्बे में रखा जा रहा है और गीले कचरे को तत्काल डिस्पोज करने का कार्य किया जा रहा है।

# सेमेस्टर ऑनलाईन परीक्षाएं प्रस्तावित

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय की समस्त कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं ऑनलाईन पद्धति से 5 मई से आयोजित होना प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सीएल देवांगन तथा उपकुलसचिव परीक्षा डॉ. राजमणि पटेल ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले वर्ष की तरह ही यह सेमेस्टर ऑनलाईन परीक्षा आयोजित होगी। स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित होंगी। इस संबंध में विवि कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने विवि के समस्त अधिकारियों की ऑनलाईन बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डॉ. देवांगन ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षाओं में एमए एमकॉम, एमएससी, बीबीए, एलएलबी, बीपीएड, एमपीएड., बीएड तथा अन्य सभी सेमेस्टर कक्षाओं की परीक्षाएं 5 से 15 मई के मध्य ऑनलाईन रूप से आयोजित किये जाने का प्रस्ताव है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कल जारी परीक्षा आयोजन संबंधी दिषा निर्देषों के बाद उस पर अमल करने हेतु विवि द्वारा बैठक आयोजित की गई। डॉ. पल्टा ने निर्देश दिया कि सेमेस्टर परीक्षाओं के आयोजन व उत्तरपुस्तिका जमा करने में विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई ना हो। तथा संपूर्ण प्रक्रिया में कोविड- 19 के प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जावे।

विवि अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने जानकारी दी दोपहर 12 बजे कुलपति द्वारा विवि परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो की ऑनलाईन पद्धति से बैठक आयोजित की गई है। जिसका लिंक समस्त प्राचार्यो को भेज दिया गया है।

■ न्यूज गैलरी

## प्रियंका गांधी के फोन पर सीएम बघेल ने 16 टन आक्सीजन भेजा

**रायपुर/नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कोरोना संक्रमण लगातार लोगों को डरा रहा है. शहर में ऑक्सीजन की कमी से लगातार मरीज जूझ रहे हैं. ऑक्सीजन हासिल करने के लिए घंटों लाइनें लगी हुई हैं. इस बीच कांग्रेस महासचिव ने छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल से टेलीफोन के माध्यम से बात की है. भूपेश बघेल ने ट्वीट कर खुद इसकी जानकारी दी है. भूपेश बघेल ने लिखा- श्रीमती प्रियंका गांधी जी द्वारा फोन पर सूचना मिलने के उपरांत लखनऊ में कोरोना के मरीज़ों के उपचार में ऑक्सीजन की भारी कमी को देखते हुए आज लखनऊ के मेदांता अस्पताल की ऑक्सीजन आपूर्ति के लिये एक टैंकर ऑक्सीजन की तत्काल व्यवस्था कर उसे लखनऊ के लिये रवाना कर दिया है।

## सट्टा खिलाते 6 गिरफ्तार, 1 लाख 45 हजार रुपये व सट्टा पट्टी जब्त

**रायपुर।** आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने की सूचना पर पुलिस छापामारकर 6 नग मोबाईल व 1 लाख 45 हजार रुपये नगदी जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को रात 7 बजे के आस-पास खमतराई पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर महात्मा गांधी होटल डब्लू आरएस कालोनी में आईपीएल क्रिकेट मैच में इंटरनेट के माध्यम से सट्टा खिलाने की सूचना पर छापामारकर रेड की कार्रवाही कर जीतेश्वर सिन्हा 23 वर्ष एवं अन्य 05 लोगों को गिरफ्तार कर 06 नग मोबाईल फोन तथा 1 लाख 45 हजार रुपये नगदी एवं सट्टा पट्टी जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 4(क) के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## पोल्ट्री फार्म में रखा जनरेटर मशीन चोरी, चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर।** पोल्ट्री फार्म में रखा डीजल जनरेटर चोरी कर लेने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार एलएमटी पोल्ट्री फार्म सिलियारी धरसींवा निवासी प्रांसिस मसीह 65 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी की पोल्ट्री फार्म में रखा डीजल जनरेटर अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये को किसी ने 24 अप्रैल को चोरी कर लिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## हार्डवेयर दुकान में सेंध लगाकर हजारों की चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर।** हार्डवेयर दुकान में सेंध लगाकर चोर अंदर रखे सिलिंग फेन,कुलर पंखा का मोटर,पंप एवं नगदी रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार गली नंबर 05 तेलीबांधा निवासी गोपाल तोलानी 51 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि तेलीबांधा चौक के पास प्रार्थी का कृष्णा हार्डवेयर के नाम से दुकान है।

## निधन

### शंकर लाल चितलाँग्या

**राजनांदगांव।** नगर की प्रतिष्ठित फर्म में. कालुराम गणेशराम चितलाँग्या के संचालक व वरिष्ठ सदस्य श्री शंकर लाल जी चितलाँग्या का 87 वर्ष की उम्र मे देहावसान हो गया। सरल स्वभाव,धार्मिक प्रवृति वाले चितलांगिया जी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ कर गए है। आपके दो पुत्र मुकेश एवम राजेश, तथा पौत्र मुदित एवम स्वराज चितलांगिया है।

### नरेन्द्र सिंह राठौर

**जांजगीर।** ग्राम सोनगुढा के प्रतिष्ठित व मिलनसार नागरिक नरेन्द्र सिंह राठौर का 24 अप्रैल दिन शनिवार को निधन हो गया।उन्होंने अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री सहित नाती को रोते बिलखते छोड़ चले।श्री राठौर सरपंच लीलाधर सिंह राठौर के अनुज थे।मुखाग्नि सुपुत्र जय सिंह राठौर ने दी।

### उमा बाई सेन

**भिलाई।** नहरपार केम्प दो वार्ड 34 गांधी चौक बिहारी मोहल्ला निवासी उमा बाई सेन उम्र 85 वर्ष का निधन 25 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में रविवार को किया गया। वे कांग्रेस नेता स्व. बरनलाल सेन की पत्नी, सेलून व्यवसायी भूषण सेन की मां और मनोज सेन व देवेंद्र सेन की दादी थीं।

### बसंत शर्मा

**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता बसंत शर्मा का आज तड़के देहावसान हो गया। अपोलो अस्पताल में उन्हें आज सुबह दिल का दौरा पड़ा। डॉक्टर की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाने में सफलता नहीं मिल पाई। वे 55 साल के थे।

### श्रीमती तारादेवी टावरी

**रायपुर।** श्रीमती तारादेवी टावरी का 22 अप्रैल को 90 वर्ष की आयु में हृदयाघात से निधन हो गया है। वे बालोद निवासी मांगीलाल टावरी और राधेश्याम टावरी की माता एवं पंकज, अतुल, नीरज टावरी की दादी थी।

### सुशील माथुर

**रायपुर।** रायपुर निवासी जेसी सुशील माथुर उम्र 53 का आकसमिक निधन भोपाल में दिनांक 25 अप्रैल प्रातः हो गया वे जेसिस के जोन 9 में पूर्व अधिकारी एवं रायपुर के सुपर चैप्टर में सलाहकार सदस्य थे, नोबेल के पूर्व अध्यक्ष जेसी सुशील माथुर करोना से पीड़ित थे, जोन 9 की ओर से कल शाम 4:30 बजे ऑन लाइन श्रद्धांजलि सभा रखा गया है। जेसी सुशील अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं जिसमें उनकी पत्नी कविता माथुर एवं दो पुत्र सौम्य एवं धैर्य शामिल है।

### अमरीका बाई साहू

**नगरी।** सलोनी श्रीमती अमरीका बाई साहू का 54 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सलोनी में कोरोना गाइडलाइन के तहत किया गया। वे चेतन साहू एवं भाजयुमो मंडल कुकरेल के अध्यक्ष व जनपद सदस्य शैलेन्द्र साहू की माता जी थी। स्व. श्रीमती साहू अपने दो पुत्रों, तीन पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

# भारत सरकार ने की कोविड वैक्सीनेशन के अगले चरण के संबंध में वीडियो कान्फेंसिंग

■ राज्यों को कोविन में रेजिस्टर करना होगा हर हितग्राही

■ ऑनसाइट पंजीयन की सुविधा नए आयुवर्ग में नहीं होगी उपलब्ध

नवप्रदेश संवाददाता

**रायपुर।** भारत सरकार के स्वास्थ्य सचिव द्वारा आज कोविड वैक्सीनेशन के अगले चरण के संबंध में वीडियो कान्फेंसिंग के जरिए सभी राज्यों से बैठक की गई। प्रदेश की ओर से बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्रीमती रेणु जी पिल्ले एवं राज्य की कोविड वैक्सीनेशन की नोडल एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला उपस्थित थी।

### ऑनलाइन पंजीकरण की मिलेगी सुविधा

बैठक में बताया गया कि एक मई से किए जाने वाले वैक्सीनेशन में उम्र के अतिरिक्त प्राथमिकता/पात्रता का कोई मापदंड नही रहेगा। टीकाकरण हेतु पंजीकरण के लिये हितग्राहियों को केवल ऑनलाइन पंजीकरण की ही सुविधा मिलेगी - सेशन साइट पर पहुँच कर वहीं ऑन साइट पंजीकरण कराए जाने का प्रावधान नही रहेगा। वर्तमान में देश में दो उत्पादकों द्वारा ही वैक्सीन का उत्पादन किया जा रहा है। बैठक में विभिन्न राज्यों और विभिन्न वक्ताओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में दोनो ही उत्पादकों के पास वैक्सीन की उपलब्धता बेहद सीमित है।

### जिले में 11 नये कोविड केंद्र शुरू

जिले में इस पखवाड़े 11 नये कोविड केंद्र शुरू हो जाने से कोविड मरीजों के स्वास्थ्य सुविधाओं में व्यापक रूप से इजाफा हुआ है। इनडोर स्टेडियम, वर्किंग वूमेन हॉस्टल फुण्डहर ,धरसीवा और तिल्दा विकासखंड मुख्यालय सहित साइंस कॉलेज अटारी, काइट धरसीवा रायपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोबरा -नवापारा , कम्युनिटी हॉल आरंग , सेवा भारती सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 2 देवेंद्र नगर रायपुर , डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल डब्ल्यू आर एस कॉलोनी रायपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरोरा- तिल्दा में नए सेंटर प्रारंभ हुए है। जिले के कोविड केयर सेंटर में मरीजों के भर्ती होकर इलाज के लिए जिला कंट्रोल रूम से संपर्क किया जा सकता है। यहां एंबुलेंस तथा होम आइसोलेशन की सुविधा भी प्राप्त की जा सकती है।

## जिले के सभी कोविड केयर सेंटर की सीसी टीवी कैमरे से होगी निगरानी

*कोरोना महामारी के नियंत्रण के लिए रायपुर जिले में एम्स और मेडिकल कॉलेज रायपुर के अलावा 14 कोविड केयर सेंटर संचालित है। जिनमें कुल बिस्तरों की संख्या 2106, आईसीयू की संख्या 54 और ऑक्सीजन युक्त बेड की संख्या 1193 है। इनमें सामान्य बिस्तरों की संख्या 859 है। इन कोविड केयर सेंटरों की सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। कलेक्टर डॉ एस भारतीदासन सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी सेंट्रल मॉनिटरिंग सिस्टम से आधुनिक संचार प्रणाली के माध्यम से नियमित रूप से निगरानी करते हैं।*

## गूंजी किलकारी : कोरोना संक्रमित दो महिलाओं का हुआ सीजेरियन आपरेशन से सफल प्रसव

**रायपुर।** वैश्विक महामारी कोरोना से लगातार जूझ रहे स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ रोज नई नई चुनौतियों का सामना कर रहें हैं। कोरोना संकट की विषम परिस्थियों में भी लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जिले के चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ समर्पण भाव से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

वैश्विक महामारी कोरोना से अनेक गर्भवती महिलाएं भी संक्रमित है। जांजगीर चाम्पा जिले में ईसीटीसी में विगत 3 दिनों से भर्ती कोरोना संक्रमित दो गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन आपरेशन से प्रसव कराया गया।

ईसीटीसी के प्रभारी डॉ अनिल जगत ने बताया कि शनिवार 24 अप्रैल को 2 महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन से प्रसव कराया गया। एक महिला की रीढ़ की हड्डी जन्म से विकृत होने के कारण सिजेरियन आपरेशन से प्रसव कराना आसान नही था। इसके लिए दो यूनिट ब्लड, आक्सीजन सिलेण्डर आदि की तैयारी की गयी थी। मनोवैज्ञानिक परामर्श से महिलाओं का आत्म विश्वास बढ़ाया गया। जिला अस्पताल जांजगीर चाम्पा के डॉ अरविंद एक्का, डॉ संगीता देवांगन की टीम ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण होने पर दोनों महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन से सफल प्रसव कराया। दोनों महिलाओं को बेटा हुआ है। दोनों बच्चे स्वस्थ हैं। अस्पताल की सिस्टर राजी सिंह, मेघा, पुष्पा, पावित्री और कुलदीप पूरी आत्मीयता के साथ जच्चा-बच्चा की देख-रेख कर रहे हैं। स्वच्छता कर्मचारी भी सेवा भाव से कार्य में जुटे हुए हैं।

ईसीटीसी सहित जिले के विभिन्न कोविड केयर सेंटर्स में पेयजल, विद्युत व्यवस्था, भोजन, साफ-सफाई व्यवस्था आदि के लिए भी संबंधित विभागों के कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं।

## मंत्री ने मेकाहारा के चिकित्सकों से की मुलाकात और उनके कार्यों को सराहा

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने आज डॉ भीमराव अम्बेडकर अस्पताल पहुँचकर यहाँ के अधीक्षक सहित कोविड के उपचार में लगे चिकित्सकों से मुलाकात की और अस्पताल में कोविड उपचार की वस्तुस्थिति जानी। उन्होंने चिकित्सकों के कार्यों की सराहना भी की। मंत्री डॉ डहरिया ने डॉ अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ विनीत जैन, मेडिकल कालेज के डीन डॉ विष्णुदत्त सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों से कोविड वार्ड एवं आईसीयू में उपलब्ध सुविधाओं तथा मरीजों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। यहाँ अस्पताल प्रबंधन द्वारा बताया गया कि कोविड मरीजों के उपचार के लिए हर संभव व्यवस्था की जा रही है। ऑक्सीजन, वेंटिलेटर सहित जरूरी दवाइयां आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराई जा रही है। मंत्री डॉ डहरिया ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा की गई व्यवस्था पर संतुष्टि जताई और कहा कि इस संकट के समय में आप लोगों की सेवा किसी भगवान से बढ़कर नहीं है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के प्रयास से निश्चित ही कोविड मरीजों को सही उपचार उपलब्ध होगा। आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि गंभीर मरीजों को अधिक ध्यान देते हुए उपचार सुनिश्चित करें। मरीज बहुत ही भरोसे के साथ अस्पताल आते हैं और यहाँ चिकित्सक को देखते ही उनका आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ जाता है।

## चिकित्सकों के सामयिक इलाज की मदद से कोरोना को दी मात

**रायपुर।** कोविड संक्रमण के लक्षण आने पर समय पर टेस्ट कराने और चिकित्सकों के सामयिक इलाज और मार्गदर्शन में अपनी दिनचर्या तय कर सकारात्मक सोच से कोविड-19 वायरस से मुक्ति पाई जा सकती है। इस बात को 45 वर्षीय एस ई सी एल कर्मी प्रदीप शुक्ला,उनकी पत्नी श्रीमती प्रतिमा शुक्ला और पुत्र प्रियांशु शुक्ला ने सिद्ध कर दिया है। जांजगीर-चाम्पा जिले के बलोदा विकास खंड के कोविड केयर सह अस्पताल महुदा में गत 15 अप्रेल को ग्राम बसहा के दीपका (कोरबा) में एस ई सी एल कर्मी श्री प्रदीप शुक्ला उम्र 45 वर्ष और उनकी पत्नी श्रीमती प्रतिमा शुक्ला 40 वर्ष और पुत्र प्रियांशु शुक्ला 14 वर्ष के कोविड पॉजिटिव आने पर तीनों को कोविड अस्पताल महुदा में भर्ती किया गया।

## छत्तीसगढ़ में तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू

■ चालू वर्ष में 16.71 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता के संग्रहण का लक्ष्य

■ लगभग 13 लाख परिवारों को मिलेगा तेन्दूपत्ता संग्रहण का लाभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चालू वर्ष 2021 के दौरान तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू हो गया है। राज्य में चालू वर्ष के दौरान 16 लाख 71 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता के संग्रहण का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2021 में तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई है। राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य से लगभग 13 लाख आदिवासी-वनवासी संग्राहक परिवारों को सीधा-सीधा लाभ मिलेगा और इसके संग्रहणकाल माह मई तथा जून में दो माह के भीतर संग्राहकों को 668 करोड़ रूपए की राशि के संग्रहण पारिश्रमिक का वितरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने हाल ही में जिलेवार कोरोना संक्रमण की स्थिति के संबंध में ली गई समीक्षा के दौरान निर्देशित किया था कि राज्य में लघु वनोपजों के संग्रहण कार्य को भी निरंतर जारी रखा जाए, ताकि जरूरतमंदों को रोजगार के लिए भटकना न पड़े और उनकी अतिरिक्त आमदनी भी सुनिश्चित हो। इनमें लघु वनोपजों के संग्रहण के दौरान कोविड-19 के गाइडलाईन तथा आवश्यक सावधानियां का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने भी प्रमुख सचिव वन श्री मनोज पिंगुआ तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री राकेश चतुर्वेदी को सभी वन मंडलों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ श्री संजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में राज्य के दंतेवाड़ा तथा सुकमा वन मंडल (जिला यूनियन) के अंतर्गत तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य चालू है, जो माह मई के प्रथम सप्ताह तक सभी 31 जिला यूनियनों में तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक की राशि का हस्तांतरण उनके बैंक खाते में सीधे ऑनलाईन के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष राज्य के 31 जिला यूनियनों में 954 लाटों की अधिसूचित मात्रा 16.717 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता अनुमानित है।

## राज्यपाल उईके ने छग को 12 राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार मिलने पर दी बधाई

**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उईके ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2021 में छत्तीसगढ़ राज्य को 12 पुरस्कार मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव सहित समस्त पंचायतों एवं पंचायत पदाधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन से ही प्रदेश और देश का विकास होता है। हम सभी को समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम करना है। उन्होंने उम्मीद जताई की राज्य की पंचायतें भविष्य में भी बेहतर काम-काज का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करेंगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की पंचायतों द्वारा बेहतर प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ का चयन ई-पंचायत पुरस्कार के लिए किया गया है। कोंडागांव जिला पंचायत, गरियाबंद और तिल्दा जनपद पंचायत व सरगुजा जिले के अंबिकापुर विकासखंड के सरगवां और लुंड्रा विकासखंड के रिरी, बालोद जिले के गुंडरदेही विकासखंड के माहुद (अ), कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के महराटोला व रायपुर जिले के आरंग विकासखंड के बैहार ग्राम पंचायत का चयन दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार के लिए किया है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2021 के अंतर्गत बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखंड के दूरस्थ वनांचल गोटईगुड़ा ग्राम पंचायत को नानाजी देशमुख राष्ट्रीय गौरव ग्राम सभा पुरस्कार, रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड के नवागांव (ल) को बाल हितैषी ग्राम पंचायत पुरस्कार और आरंग विकासखंड के बैहार को ग्राम पंचायत विकास योजना पुरस्कार दिया गया है।

**जागरूकता** | शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को लिखा पत्र

# छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों के माध्यम से जागरूक करे: राज्यपाल

■ शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को लिखा पत्र

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राज्य के समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से बचाव के लिये विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों के माध्यम से आमजनों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में राज्यपाल सुश्री उइके ने उल्लेख किया है कि इस समय प्रदेश एवं देश में कोरोना वायरस का संक्रमण बहुत तेजी से बढ़ रहा है जिसकी वजह से संसाधनों की कमी के साथ ही साथ आर्थिक गतिविधियॉ भी प्रभावित हो रही हैं और आमजनों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिये एवं प्रभावितों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये निरंतर सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा वर्चुअल मीटिंग एवं सोशल मीडिया, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से आमजनों को सजग करने एवं संबंधित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये जा रहे हैं।

### दो गज दूरी और मास्क को बताया जरूरी

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का सबसे कारगर उपाए मास्क लगाना एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना हैं। इसी प्रकार से हाथों को नियमित रूप से धोना एवं सेनेटाईज करने से भी इस बीमारी से बचा जा सकता है। इसमें मुख्य रूपसे दो गज दूरी मास्क है जरूरी का नारा भी कारगर साबित हो सकता है। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं सहित प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों को कोरोना वायरस कोविड 19 के रोकथाम के लिये सक्रिय एवं जागरूक करने के निर्देश सभी कुलपतियों को दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि इस हेतु विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं को मेसेज, ई-मेल, बेबसाईट, व्हाटसएप, फेसबुक, टयूटर, इंस्टाग्राम, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से जागरूकता एवं टीकाकरण अभियान के लिये प्रेरित करें।

### महामारी से बचने में मिलेगी सफलता

साथ ही उन्हें अपने आस-पास के व्यक्तियों, परिवार के सदस्यों को भी सक्रिय एवं जागरूक करने के लिए प्रेरित करें। कोविड से डरें नहीं, मुकाबला करें और आत्मबल एवं संयम बनाये रखें। कोरोना वाइरस कोविड-19 से बचाव एवं इसके विस्तार को रोकने के लिये हम सभी को मिलकर यथासंभव प्रयास करने की आवश्यकता है तभी हमें इस महामारी से बचने में सफलता प्राप्त हो सकती है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि विश्वविद्यालय छात्र छात्राओं के माध्यम से आमजनों में जागरूकता लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा किये गये प्रयासों से समय समय पर अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

### जागरूक करने छात्र - छात्राएं आए आगे

कोरोना महामारी से बचने के लिये टीकाकरण प्रारंभ हो चुका है किन्तु टीकाकरण के प्रति जागरूकता का अभाव है। टीकाकरण के लिये लोगों को जागरूक करने की महती आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मार्गदर्शन दिया गया है कि महामारी से बचाव के लिये दूरस्थ ग्रामीण अंचलों, कस्बों एवं शहरों में निवासरत आम नागरिकों को जागरूक करने में विश्वविद्यालय के छात्र एवं शिक्षक बहुत उपयोगी हो सकते हैं।

नवप्रदेश
अभिव्यक्ति
रायपुर, सोमवार, 26 अप्रैल 2021


## संपादकीय

### राज्य सरकारें भी अपनी जिम्मेदारी समझें

यह ठीक है कि वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने का काम केन्द्र सरकार का ही है लेकिन राज्य सरकारों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। कोरोना वायरस ने कुछ ही राज्यों में ज्यादा कहर बरपाया है। इसकी वजह साफ है कि वहां की राज्य सरकारों ने कोरोना के खिलाफ जंग लड़ने में कोताही की है। अब वे राज्य सरकारें केन्द्र सरकार पर ही सारा दोष मढ़ कर अपनी नाकामी पर पर्दा डालने की नाकाम कोशिशें कर रही है और इस आपदा की घड़ी में भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रही है। देश की राजधानी नई दिल्ली में कोरोना बेकाबू हो गया है और केजरीवाल सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। वहां के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस आपदा में भी अपने लिए अवसर तलाश रहे है। कोरोना से निपटने में तो उनकी सरकार बुरी तरह विफल हो गई है लेकिन वे खुद हर खबरिया चैनलों पर विज्ञापन देकर अपना प्रचार कर रहे है। एक साल के भीतर उन्होंने लगभग 300 करोड़ रूपए के विज्ञापन जारी कर दिए है। जबकि इतनी बड़ी धनराशि से दिल्ली में कई अस्पताल बन जाते। अरविंद केजरीवाल ऑक्सीजन की कमी का रोना रो रहे है और इसकी सप्लाई रोकने के लिए पड़ोसी प्रदेशों पर झूठे आरोप लगा रहे है। जबकि केन्द्र सरकार ने पिछले साल ही नई दिल्ली सरकार को विभिन्न अस्पतालों में आक्सीजन प्लांट लगाने के लिए राशि जारी कर दी थी लेकिन उन्होंने एक भी अस्पताल में आक्सीजन की व्यवस्था नहीं की। इस मामले को लेकर हाईकोर्ट ने भी अरविंद केजरीवाल को कड़ी फटकार लगाई है। केजरीवाल सरकार की अकरमन्यता के कारण ही नई दिल्ली में भयावह हालात बने है और अब वे इसके लिए दूसरों को दोष दे रहे है। कमोबेश यही स्थिति देश के अन्य गैर भाजपा शासित राज्यों की भी है जहां के मुख्यमंत्री नाकाम साबित हुए है और केन्द्र पर आरोप लगा रहे है। यह समय बहुत ही नाजुक है ऐसे समय में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। आज जरूरत इस बात की है कि दलगत भावना से ऊपर उठ कर सभी राज्यों की सरकारें केन्द्र सरकार के साथ मिलकर इस चुनौती से निपटने की कोशिश करें। राज्य सरकारें भी अपनी जिम्मेदारी समझे और अपने अपने राज्यों में स्थित अस्पतालों में संसाधन मुहैया कराने के लिए हर संभव कोशिश करें। केन्द्र सरकार को जो मदद करनी है वह कर ही रही है और भी ज्यादा सहायता की आवश्यकता होगी तो केन्द्र सरकार उसकी भी पूर्ति करेगा। लेकिन राज्य सरकारें सिर्फ केन्द्र के भरोसे ही हाथ पर हाथ रखकर न बैठे और इस आपदा में राजनीति करना बंद करें।

**योगेश कुमार गोयल**

# नए-नए स्ट्रेन और म्यूटेंट की चुनौती

> कभी कोरोना के अमेरिकी स्ट्रेन के बारे में सुनने को मिलता है तो कभी यूके स्ट्रेन, साउथ अफ्रीकी स्ट्रेन, यूएई स्ट्रेन या अन्य किसी देश के नए स्ट्रेन के बारे में पता लगता रहा है और अमेरिका सहित कुछ जगहों पर भारतीय स्ट्रेन पाए जाने की खबरें भी आ रही हैं। कोरोना जिस प्रकार से निरन्तर अपना रूप बदल रहा है, ऐसे में यह लोगों को अलग-अलग तरीके से प्रभावित कर रहा है। हालांकि इसका किसी के पास कोई निश्चित आंकड़ा नहीं है कि कोरोना के स्ट्रेन में पूरी दुनिया में अभी तक कितने बदलाव हुए हैं। कोविड-19 के लिए बने नेशनल टास्क फोर्स के मुताबिक कोरोना वायरस के करीब सात हजार वेरिएंट हैं, जिनमें चौबीस हजार से ज्यादा म्यूटेशन हैं। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि ये सभी वेरिएंट या म्यूटेशन व्यक्ति को संक्रमित नहीं करते या संक्रमण नहीं फैलाते लेकिन किस स्ट्रेन का क्या लक्षण है।

'लांसेट' जर्नल में भारत को लेकर प्रकाशित हुए हालिया अध्ययन में दावा किया गया था कि जल्द ही देश में प्रतिदिन औसतन 1750 लोगों की मौत हो सकती है, जो तेजी से बढ़ते हुए जून के पहले सप्ताह में प्रतिदिन 2320 तक पहुंच सकती है लेकिन कोरोना वायरस के दोहरे म्यूटेशन के कारण भारत में संक्रमण की रफ्तार इतनी तेज हो चुकी है कि मौतों का आंकड़ा नित नए रिकॉर्ड बना रहा है और दिल्ली हाईकोर्ट ने इसे अब सुनामी का दर्जा दिया है। अध्ययन में जहां जून के शुरूआती सप्ताह में प्रतिदिन 2320 तक मौतें होने का अनुमान जताया गया था, वहीं 24 अप्रैल की सुबह तक 24 घंटे में ही 2624 मौतें दर्ज की गई। देश के लगभग सभी राज्यों में कोरोना की नई लहर कहर बरपा रही है और अब ऑक्सीजन की कमी का भयावह संकट समस्या को और विकराल बना रहा है। कोरोना संक्रमण को लेकर स्थिति कितनी विकराल होती जा रही है, यह समझने के लिए इतना जान लेना पर्याप्त है कि भारत में जहां 1 मार्च 2021 को कोरोना मरीजों के कुल 12286 नए मामले सामने आए थे, वहीं करीब पौने दो माह के अंतराल बाद कोरोना की दूसरी लहर प्रतिदिन नए रिकॉर्ड बना रही है। अब हर 24 घंटे में कोरोना मरीजों की संख्या में करीब साढ़े तीन लाख से भी ज्यादा की वृद्धि हो रही है और ढ़ाई हजार से भी ज्यादा लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं। कोरोना से ठीक होने वालों की दर घटकर भी काफी नीचे आ गई है।

कोरोना की दूसरी लहर में भारत में अब कोरोना वायरस के अलग-अलग तरह के लक्षण सामने आ रहे हैं, जो पिछली लहर से कुछ अलग हैं। देश में डबल म्यूटेंट कोरोना वायरस के फैलाव को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ बेहद चिंतित हैं क्योंकि वे इसे पिछली लहर के मुकाबले ज्यादा खतरनाक और संक्रामक मान रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार कोरोना के कई अनजान लक्षण भी सामने आ रहे हैं और अधिकांश मामले हल्के अथवा बगैर लक्षणों वाले हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना का नया स्ट्रेन बहुत ज्यादा संक्रामक है, जो लोगों के शरीर पर अलग-अलग तरीके से हमला कर रहा है। यह फेफड़ों और श्वसन तंत्र में आसानी से फैल रहा है, जिसके कारण संक्रमित होने के बाद कुछ लोगों को निमोनिया हो रहा है, जो कोरोना संक्रमण को ज्यादा खतरनाक बना रहा है। जो लोग कोरोना के नए वेरिएंट से संक्रमित पाए जा रहे हैं, उनमें वायरल लोड काफी ज्यादा पाया जा रहा है और ज्यादा वायरल लोड बहुत अधिक संक्रामक हो सकता है। उल्लेखनीय है कि वायरल लोड रक्त में मौजूद कोरोना वायरस के बारे में बताता है और जांच के दौरान इसी वायरल लोड के जरिये पता लगाया जाता है कि शरीर में संक्रमण कितनी तेजी से फैल रहा है। दुनियाभर के तमाम विशेषज्ञों का एक ही मत है कि कोरोना वायरस के नए रूप ज्यादा संक्रामक और खतरनाक हैं। भारत में कोरोना की

दूसरी लहर इतने खतरनाक रूप में सामने आ रही है कि हर कहीं लाशों के ढ़ेर नजर आने लगे हैं, अस्पतालों में मरीजों के लिए बेड उपलब्ध नहीं हैं, ऑक्सीजन की जबरदस्त कमी से मरीजों की जान जा रही है, देशभर में वेंटिलेटर का अभाव साफ दिखाई दे रहा है। भारत में कोरोना के मामलों के रोजाना एक लाख से बढ़कर दो लाख होने में जहां मात्र 10 दिन का समय लगा, वहीं पिछले साल अमेरिका में संक्रमितों के मामले प्रतिदिन एक लाख से दो लाख पहुंचने में 21 दिन लगे थे। कोरोना वायरस के लगातार सामने आते नए रूप, म्यूटेंट्स, स्ट्रेंस और ऑक्सीजन की कमी के संकट के चलते स्थिति निरन्तर विस्फोटक हो रही है। दोहरे म्यूटेशन वाले वायरस की मौजूदगी की पुष्टि अब तक 11 देशों में हो चुकी है, जिसका सबसे पहला मामला ब्रिटेन में सामने आया था। दोहरे म्यूटेशन वाला कोरोना बी.1.617 सबसे पहले महाराष्ट्र में मिला था और ग्लोबल म्यूटेशन ट्रैकर द्वारा अब देश में इसकी 10 फीसदी मौजूदगी का अनुमान लगाया गया है। दूसरी ओर 'स्क्रिप्स रिसर्च' द्वारा दावा किया गया है कि देश में मिले कोरोना के सभी रूपों में बी.1.617 सबसे आम है। केन्द्र सरकार द्वारा 13614 नमूनों की जीनोम सीक्वेंसिंग में मिले नतीजों के आधार पर दी गई जानकारियों के मुताबिक देश में कोरोना के तीन नए स्वरूप भी अब कहर बरपाने लगे हैं। इस जीनोम सीक्वेंसिंग में कुल 1189 (करीब 8.77 प्रतिशत) मामलों में ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका व ब्राजील में मिले वायरस के बेहद घातक स्वरूप को संक्रमण के लिए जिम्मेदार पाया गया है। देश में कोरोना के उस घातक रूप का प्रसार सबसे तेजी से होने की बात सामने आई है, जो ब्रिटेन में मिला था। 13614 नमूनों की जीनोम सीक्वेंसिंग में सामने आए कुल 1189 मामलों में से इसके 1109 मामले सामने आए जबकि दक्षिण अफ्रीका के 79 और ब्राजीलियाई स्वरूप से एक संक्रमण की पुष्टि हुई।

जान लें कि वायरस का म्यूटेशन क्या है और यह कैसे होता है। वायरस डीएनए या आरएनए तथा प्रोटीन के बने अणु अथवा कण होते हैं, जो तेजी से म्यूटेट (उत्परिवर्तित) होते रहते हैं। म्यूटेंट का अर्थ है लगातार अपना रूप बदलते रहना। वायरस में चूंकि अपना स्वयं का डीएनए या आरएनए पाया जाता है, जो एक 'सेल्फ डुप्लीकेटिंग न्यूक्लिक एसिड' है अर्थात् यह अपने जैसी बहुत सारी कॉपियां तैयार कर सकता है और बदलते वातावरण में ये कॉपियां स्वयं को समायोजित करने के लिए म्यूटेट होती रहती हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो वायरस अपने आप को अपडेट करते रहते हैं। यही वजह है कि कोरोना वायरस का नया वेरिएंट या स्ट्रेन पहले के मुकाबले और ज्यादा ताकतवर होता जा रहा है। किसी भी वायरस के स्वरूप तथा गुणधर्म बदलने की गतिविधियों को स्ट्रेन एवं म्यूटेशन कहा जाता है और कई देशों में कोरोना के रूप बदलने की प्रकिया तथा मारक क्षमता को लेकर लगातार शोध किए जा रहे हैं। कोरोना के स्ट्रेन को ज्यादा खतरनाक इसलिए माना जाता है क्योंकि इसके कुछ रूप जीन में प्रोटीन बढ़ाने वाले होते हैं, जिनमें से कुछ बहुत खतरनाक होते हैं। पिछले सवा वर्ष के भीतर दुनियाभर में कोरोना के कई रूपों की पहचान हो चुकी है।

## विचार

### आपात्काल से भी बड़ा आफ्तकाल

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

कोरोना महामारी ने इतना विकराल रुप धारण कर लिया है कि सर्वोच्च न्यायालय को वह काम करना पड़ गया है, जो किसी भी लोकतांत्रिक देश में संसद को करना होता है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि वह उसे एक राष्ट्रीय नीति तुरंत बनाकर दे, जो कोरोना से लड़ सके। मरीज़ों को ऑक्सीजन, इंजेक्शन, दवाइयाँ आदि समय पर उपलब्ध करवाने की वह व्यवस्था करे। न्यायपालिका को यह क्यों करना पड़ा ? इसीलिए कि लाखों लोग रोज़ बीमार पड़ रहे हैं और हजारों लोगों की जान जा रही है। रोगियों को न दवा मिल रही है, न ऑक्सीजन मिल रही है, न पलंग मिल रहे हैं। इनके अभाव में बेबस लोग दम तोड़ रहे हैं। टीवी चैनलों पर श्मशान घाटों और कब्रिस्तानों में लगी लाशों की भीड़ को देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कोरोना की दवाइयों, इंजेक्शनों और अस्पताल के पलंगों के लिए जो कालाबाजारी चल रही है, वह मानवता के माथे पर कलंक का टीका है। अभी तक एक भी कालाबाजारी को चौराहे पर सरे-आम नहीं लटकाया गया है। क्या हमारी सरकार और हमारी अदालत के लिए यह शर्म की बात नहीं है? होना तो यह चाहिए कि इस आपातकाल में, जो भारत का आफ्तकाल बन गया है, कोरोना के टीके और उसका इलाज बिल्कुल मुफ्त कर दिया जाए। पिछले बजट में जो राशि रखी गई थी और प्रधानमंत्री परवाह-कोष में जो अरबों रु. जमा हैं, वे कब काम आएंगे ? निजी अस्पताल भी यदि दो-चार महिने की कमाई नहीं करेंगे तो बंद नहीं हो जाएंगे। यह अच्छी बात है कि हमारी फौज और पुलिस के जवान भी कोरोना की लड़ाई में अपना योगदान कर रहे हैं। बंगाल की चुनावी सभाओं और कुंभ के मेले पर सरकार ने जो ढिलाई दिखाई है, उसी का नतीजा है कि 56 इंच का सीना सिकुड़कर अब 6 इंच का दिखाई पड़ रहा है। अब भारत को दूसरे देशों के सामने दवाइयों के लिए झोली पसारनी पड़ रही है। यदि यह महामारी इसी तरह बढ़ती रही तो कोई आश्चर्य नहीं कि अर्थव्यवस्था का भी भट्ठा बैठ जाए और करोड़ों बेरोजगार लोगों के दाना-पानी के इंतजाम के लिए भी संपन्न राष्ट्रों के आगे हमें गिड़गिड़ाना पड़े। चीन ने तो हमें दवाइयां दान करने की पहल कर ही दी है। इस नाजुक मौके पर यह जरुरी है कि हमारे विभिन्न राजनीतिक दल आपस में सहयोग करें और केंद्र तथा राज्यों की विपक्षी सरकारें भी सांझी रणनीति बनाएं। एक-दूसरे की टांग खींचना बंद करें। किसान नेताओं के प्रति पूर्ण सहानुभूति रखते हुए भी उनसे अनुरोध है कि फिलहाल वे अपने धरने स्थगित करें। राजनीतिक दलों के करोड़ों कार्यकर्ता मैदान में आएं और आफ्त में फंसे लोगों की मदद करें। यह काल आपात्काल से भी बड़ी आफ्त का काल है। आपात्काल में सिर्फ विपक्षी नेता तंग थे लेकिन इस आफ्तकाल में हर भारतीय सांसत में है।

**प्रवीण गुगनानी**

# जनता चाहती है साकार हो मोदी दादा का शोनार बांग्ला का स्वप्न

> कोलकाता के जिस दौर को ममता दीदी के खासमखास बाबी हकीम ने मिनी पाकिस्तान कहा था वहां के नगर निगम पार्षद रहमत अंसारी पर दो-तीन हत्याओं सहित बीसियों मुकदमे चल रहे हैं और वे हिंदू दमन के लिए बड़े कुख्यात रहे हैं। इस पूरे थेत्र के हिंदुओं को अत्याचार से, दमन से, डरा-धमकाकर, बहू बेटी की इज्जत पर हाथ डालकर भगा देने और इसे मिनी पाकिस्तान बना देने का श्रेय ममता बनर्जी की और से रहमत अंसारी को मिलने वाली दाद व प्रश्रय को ही है। रहमत अंसारी और बाबी हकीम के मामलों को ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक स्वयं डायरेक्ट डील करते हैं व अंसारी की करतूतों के लिए उसके ट्रबल शूटर बने रहते हैं।

यानि सरसों की जड़ में सरसों का भूत है, तो भूत भागेगा कैसे? यानि समस्या के मूल में अन्य समस्या है। इस हम इस प्रकार भी कह सकते हैं की पश्चिम बंगाल में वामपंथ की पुरानी समस्या के जड़ में ममता बनर्जी की तृण मूल नामक समस्या पहुँच गई है। गुंडागर्दी, रक्तरंजित राजनीति, अपहरण, लूटमार, दादागिरी, हफ्तावसूली, कटमनी आदि आदि सब इस तृणमूल वाली समस्या के ही भाग हैं। इस स्थिति में किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता थी जिसे लोकतंत्र में अगाध श्रद्धा हो, जिसमें जनता से प्रेम करने की क्षमता हो, जिसे लोगों की संवेदनाओं को जागृत करते आता हो, जो स्वयं कलाकार होकर बंगाल की कलाप्रेमी जनता के साथ तादात्म्य बैठा सके और साथ ही साथ जो वामपंथ प्रेरित और तृण मूल द्वारा अग्रेषित हिंसा का दमन करना भी जानता हो। ऐसे ही व्यक्ति के रूप में हमें श्रीमान नरेंद्र मोदी मिले हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी यूं तो समूचे भारत के प्रति संवेदनशील व प्रेमभाव से ओत प्रोत हैं किंतु बंगाल के प्रति निश्चित ही उनमें कुछ अधिक श्रद्धा भाव है। बंगाल के प्रति मोदी जी का यह अतिरिक्त प्रेमभाव संभवतः स्वामी विवेकानंद जी के प्रति उनके आदर का प्रतीक है। बंगभूमि के प्रति प्रधानमंत्री जी का यह आदर भाव कविवर रविंद्रनाथ टैगोर की कविताओं के मर्म की समझ का प्रतीक भी है। राष्ट्रीय स्वयं संघ परिवार व भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जनसंघ के शलाका पुरुष पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बंगाल पुत्र होना भी मोदी जी के बंगाल प्रेम का प्रमुख कारण है और स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी जी की वह कविता भी उनके बंगाल प्रेम का कारण है जिसमें अटलजी ने बंगाल को भारत की भुजा की संज्ञा दी थी, इससे भी आगे बढ़कर बंगाल को भारत का सांस्कृतिक द्वार कहा था। कदाचित बंगाल की यही ध्वस्त हो गई छवि प्रधानमंत्री जी को व्यथित व भाव विव्हल करती होंगी। इसी ध्वस्त छवियों के पुनर्निर्माण व पुनर्स्थापना व बंगाल को भारत की सांस्कृतिक, साहित्यिक राजधानी बनाने हेतु मोदी जी कृतसंकल्पित हैं.

पिछले 50 वर्ष का शासन बंगाल के भद्रलोक के लिए एक बुरे स्वप्न की तरह रहा है। इस आधी सदी के पहले पांच वर्षों में देश में आपातकाल के सूत्रधार सिद्धार्थ शंकर रे का आततायी शासन. बाद के 35 वर्षों में वामपंथ का ऐसा शासन जिसे राष्ट्रप्रेम, धर्म, संस्कार, परंपराओं को ध्वस्त, नष्ट व कुचलने में बड़ा आनंद आता था और इसके बाद 10 वर्षों

का ममता दीदी का शासन जो वामपंथियों के कुशासन से भी कहीं अधिक दमनकारी व राजनीति के अपराधीकरण की पराकाष्ठा वाला सिद्ध हुआ। दीदी की सत्ता ने बंगाल में न केवल सतत हिंदू विरोधी खेल खेले बल्कि बेशर्मी व अराजकता की हद तक खेले. मुस्लिम तुष्टिकरण को राजनीति के शीर्ष केंद्र के रूप में यदि किसी राज्य को देखा और गिना जाएगा तो उसमें बंगाल सर्वोच्च स्थान पर होगा. अपने नागरिकों और स्थानीय मूल निवासियों के मूंह का निवाला छीन कर पड़ोसी देशों से बंगाल में घुस आये अवैध घुसपैठियों को खिलाने का कोई अवसर ममता दीदी ने छोड़ा नहीं. बंगाल में मदरसे बढ़ रहे हैं, मौलवियों को वेतन और वेतनवृद्धि दी जा रही है, पुजारियों को हतोत्साहित व भयभीत किया जा रहा है, मूल बंगालियों के साथ हिंसा, मारकाट, दबाव, भयभीत करने, अपहरण, फिरौतियों की घटनाएं हो रही है. हिंदू त्यौहार, उत्सव, पर्व तो जैसे उपेक्षा व उपहास का केंद्रबिंदु बन गए. पिछले वर्षों में सैकड़ों निरपराधों की राजनैतिक हत्याएं देखी हैं बंगाल के भद्रलोक ने. पहले रक्त पिपासु वामपंथ ने और बाद में अहंकारी और तुष्टिकरण की पुरोधा ममता बनर्जी ने बंगाल में राजनीति और हिंसा को एक दूसरे का पर्याय बना दिया है। पिछले लगभग 50 वर्षों के इस क्रम से देश भर में बंगाल को अपराधियों के राज्य जैसी घृणित संज्ञा मिलने लगी है।

यद्यपि चुनाव आयोग के व्यवस्थित चुनाव प्रबंधन के कारण पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा वर्तमान विधानसभा चुनाव के संपन्न हो चुके छः चरणों में कम हिंसा देखने को मिली है; तथापि हिंसा करने के प्रयासों में तो तृणमूल ने तमाम प्रयास अवश्य किये हैं. यही कारण था की ममता दीदी बार बार चुनाव को आठ चरण में कराये जाने का सतत विरोध करती रही हैं. पिछले वर्षों में पश्चिम बंगाल की इस सांस्कृतिक भूमि को ममता दीदी के गुंडों ने संघ के स्वयंसेवकों, भाजपा के कार्यकर्ताओं व भोलीभाली निरीह जनता के रक्त से रक्तरंजित कर देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. देश विभाजन के समय मुस्लिम पक्ष द्वारा घोषित डायरेक्ट एक्शन डे जैसे वातावरण को छेड़ दें तो पश्चिम बंगाल में आज जैसा जहरीला, मार काट वाला व तनिक सी भी वैचारिक या राजनैतिक असहमति पर हत्या कर दिये जाने वाला वातावरण इसके पूर्व कभी नहीं देखा गया. राजनैतिक मतभेद के कारण मासूम बच्चों, युवाओं, गर्भवती महिलाओं तक की हत्याओं के घटनाक्रम यहां हमने सतत देखे हैं. अभी हाल ही में ममता सरकार के मंत्री बाबी हकीम ने भाजपा के कार्यकर्ताओं व केन्द्रीय सुरक्षा बल के लोगों को सूअर कहा है. क्या बंगाल का भद्रलोक इस प्रकार की रक्तरंजित राजनीति व शाब्दिक बदतमीजी को सहन कर सकता है? बाबी हकीम अपने मुस्लिम बहुल क्षेत्र की जनता से खुल्लमखुल्ला आव्हान करते हैं की भाजपा व ष्ह्ब्द्ध के लोग सूअर के बच्चें हैं, इन्हें मार डालो. पिछले ही वर्ष की बात है जब बाबी हकीम ने कोलकाता को मिनी पाकिस्तान कहा था।

## पाठकों की बात

### पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### जन्म होते ही मां

जन्म होते ही मां की गोद मिलती है... खेलते-बढ़ते है धरती मां की गोद में... मां बहुत संवेदनशील होती है... अपने बच्चों को बहुत देती है क्या बच्चें उतना ही दे पाते हैं... परिपक्वता बढ़ती जाती है और वे अपनी जिम्मेदारियां तो नही भूल जाते दोनों ही मां जीवनदायिनी है। आज आवश्यकता है आक्सीजन की आओ! धरती की हरियाली और मां की खुशहाली कायम रखें।

**– वंदना गोपाल शर्मा**

### पांव छोलागे रद्दा

पांव छोलागे रद्दा रेंगत फेर डेहरी के छांव नहीं बसगे सरी दुनिया कहिथें फेर हमर गांव नहीं पुरवइया तो आथे-जाथे फेर वोकरो आस नहीं बिच्छल हे माया-ठगनी इंकर तो बिसवास नहीं बस पिरोहिल के डेरा म एको जगा मिल जातीस तब मुक्ति के कोरा म जीव हमरो खिल जातीस।

**– कवि सुशील भोले**

खास पाती

### रही बचपन से ही मेरी

रही बचपन से ही मेरी सदा यारी किताबों से भरी रहती है मेरे घर की अलमारी किताबों से अगर दो चार होती तो तुम्हें मैं नाम गिनवाता मगर है दोस्ती मेरी बहुत सारी किताबों से इरादों में अगर दम हो ग़रीबी हार जाती है पढ़ाई की है मैंने भी तो सरकारी किताबों से जो करते हैं कड़ी मेहनत सफलता उनको मिलती है सफलता मिल नहीं सकती चमत्कारी किताबों से मैं राहुल हूँ दवा-दारू से मतलब ही नहीं मुझको मिटाता हूँ मैं अपने दिल की बीमारी किताबों से।

**– राहुल कुम्भकार**



### हे राम कृपा कर दो सब

हे राम कृपा कर दो सब पर संधार करो इस दानव का बन गया दुश्मन कोविड ये चहुं ओर मचा हलचल इसका मानव की क्या बिसात बाकी जब देवता देवालय कैद हुए तनिक ज्वार से रोम कांपते हृदय की गति अति तीव्र हुए कुछ खाए कुछ भूखे मर गए कुछ अंदर कुछ बाहर रह गए मर गए नियम तोड़कर कुछ कुछ बिना नियम तोड़े मर गए न तंत्र मंत्र अब काम करे न पीर फ़कीर सहाय भए हे राम कृपा कर दो सब पर हम हाथ जोड़ बस यही कहे।

**– प्रवीण शुक्ला**

### उनकी याद कभी दिल से जाए

उनकी याद कभी दिल से जाए तो कुछ अपनी बात लिखूं! उनका दिल कभी बुलाये तो हंसी जज्बात लिखूं! कोई कभी हँस के बुलाये तो हँसी अहसास लिखूं! ये दिल टूट कर बिखर जाये तो आखिरी बात लिखूं!

**– पंकज मिश्रा**

### अकेले निकले थे घर से

अकेले निकले थे घर से चलते चले और कारवां बनता गया क़दम बढ़ते चले क़दम डगमगाते कभी हम संभलते रहे मंजिल की तलाश में भटकते रहे कुछ साथी साथ साथ चले कुछ मिलते-जुलते रहे कुछ चलते चले रास्ते कभी खत्म हुऐ नहीं मंजिल अभी बहुत दूर है लम्बा सफ़र है।

**– नासीर नासीर भाई**

### जो भी कोविड पॉजिटिव है आप

जो भी कोविड पॉजिटिव है आप घबराइए मत जल्दी ठीक हो.जाएंगे हिम्मत बनाये रखे। बस एक वादा करिए कि ठीक होने के बाद जरूरतमंद को प्लाज्मा जरूर डोनेट करेंगे। क्योंकि आप लोगों की मदद से किसी की जान बच सकती है।

**– मीना सोनी**

### शिक्षा का सम्बंध किताबें प्यारा

शिक्षा का सम्बंध किताबें प्यारा सा अनुबंध किताबें निखरे जीवन परिचय मेरा लेखन लेख निबंध किताबें मज़्ज़ा रुधिर रन्ध्र किताबें अज्ञान पर प्रतिबंध किताबें भरा सुधाकर इनमें इतना पढ़ आता आनन्द किताबें।

**– रजनी रामदेव**

### ठहरा हुआ मन निराशायें उसी

ठहरा हुआ मन निराशायें उसी वक्त पर ठहरा हुआ मन अचानक हो उठता है चंचल मृगशावक सा और करता है पीछा उस वक्त का, जो बीत गया है।झ्र सोचता है तब उसका ठहरा हुआ मन,कि ये ठहराव वक़्त का नहीं ये तो है सिर्फ़मन की उलझन 'पुष्प'।

**–पुष्पा त्रिपाठी**

## QUIZ TIME

1) 2001 की जनगणना के अनुसार भारत की आबादी क्या है?
2) किस विदेशी यात्री ने भारतीयों को 'गर्म स्वाभाव का, परंतु ईमानदार' कहा है?
3) सरोजिनी नायडू ने किसे 'हिंदू-मुस्लिम एकता के दूत' के रूप में उल्लिखित किया है?
4) ब्रिटिश सरकार ने बंगाल विभाजन के अपने निर्णय को कब वापस लिया?
5) एक प्रसिद्ध नाटक 'अंधेरे नगरी चैपट राजा' के लेखक कौन थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 102.7 करोड़ (2) मेगास्थनीज (3) अब्दुल गफ्फार खान (4) 1911 ई. (5) भारतेंदु हरिश्चंद्र

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1841- बॉम्बे गैजेट अखबार पहली बार रेशम के कपड़े पर प्रकाशित किया गया। 1920 - महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का निधन। 1926 - जर्मनी और रूस ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1928 - मोम की मूर्तियों के लिये मशहूर 'मैडम तुसाद प्रदर्शनी' का लंदन में प्रदर्शन। 1942- चीन में मंचूरिया के होन्केको में कोयला खदान में धमाके से 1,549 लोगों की मौत हुई। 1948- बॉलीवुड अभिनेत्री मौसमी चटर्जी का जन्म। 1959 - क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया। 1962 - पहली बार एक अमेरिकी अंतरिक्ष यान ने चाँद की सतह को छुआ। 1974 - माल्टा ने संविधान अंगीकार किया। 1975 - सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना। 1986 - चेरनोबिल में परमाणु हादसा हुआ। उस वक्त चेरनोबिल, सोवियत रूस का हिस्सा हुआ करता था। जो अब यूक्रेन में है। 1987 - प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशक, छायाकार और लेखक नितिन बोस का जन्म हुआ। 1989 - जेड इब्न शेखर जद अल-रिफाई जॉर्डन के प्रधानमंत्री बने। 1991 - विश्वप्रसिद्ध फुटबाल खिलाडी डिएगो माराडोना कोकीन लेने के मामले में 15 महीनों के लिए निलंबित। 1993 - महाराष्ट्र के औरंगाबाद में बोइंग-737 विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 56 लोग मारे गए। 2004 - इराक के नये झंडे को मान्यता मिली। 2006 - भारत और उज़्बेकिस्तान ने दह संधि पर हस्ताक्षर किए। 2009 - अमेरिका ने स्वाइन फ्लू को महामारी घोषित किया। 2013 - दक्षिण अफ्गानिस्तान में बस पर किए गए तालिबानी हमले में 30 लोगों की मौत।

# रवीना टंडन ने लोगों को सुरक्षित रहने की अपील की

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने कोरोना काल के समय लोगों को मोटिवेट करते हुये उन्हें सुरक्षित रहने की अपील की है।

देश भर में तेजी से बढ़ रहे कोरोना के चलते बॉलीवुड सेलेब्स अपने फैंस को इस मुश्किल समय में पॉजिटिव रहने की अपील कर रहे हैं। इसी बीच रवीना टंडन ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने अपने फैंस को पॉजिटिव रहने और सुरक्षित रहने का आग्रह किया है। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम पर चंद्रमा की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने अपने फैंस से अपील करते हुए पॉजिटिव और सुरक्षित रहने की बात कही है। उन्होंने तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा, ÷चंद्रमा अभी से ही, रात के अंधेरे में चमक की उम्मीद को बिखेर रह है। कल एक और दिन है जब योद्धा थके हुए रात के बाद अगल दिन युद्ध के मैदान में लौटेंगे। प्रत्येक सांस के साथ एक आत्मा को जीवित रखने की कोशिश करेंगे। आपके लिए दुआएं। आप सभी और आपके प्रियजन सुरक्षित हो और अंत में इस अंधेरे को दूर करने के लिए सुबह का इंतजार करें।

## सोनाक्षी सिन्हा ने फिर दिखाया अपना ट्रांसफॉर्मेशन लुक

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी से अपनी एक फोटो शेयर की है। जिसमें उनका गजब का ट्रांसफॉर्मेशन दिख रहा है। फोटो में सोनाक्षी को पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। उनकी ये फोटो सोशल मीडिया पर अब वायरल हो चुकी है।

इंस्टाग्राम स्टोरी से सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी फोटो शेयर करते हुए फोटो पर लिखा है योगा टाइम।अब एक्ट्रेस की फोटो में उनके लुक की बात करें तो आप देख सकते हैं कि खुले बालों में अपना बैक साइड फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रही हैं। वह स्पोर्ट आउटफिट में पिंक मैट पर खड़ी होकर सूर्य नमस्कार योग कर रही हैं।

# दिल्ली के लोगों की मदद के लिये आगे आए अक्षय

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार कोरोना महामारी के समय दिल्ली के लोगों की मदद के लिये आगे आये हैं। कोरोना महामारी के कारण देश इस वक्त मुश्किल समय से जूझ रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में भी बुरा हाल है। अक्षय कुमार दिल्ली के लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं। उन्होंने पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर की संस्था को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि दी है। गौतम गंभीर कोरोना संक्रमित लोगों को फैबीफ्लू दवा निशुल्क बांट रहे हैं। गौतम गंभीर की संस्था लॉकडाउन में जरूरतमंद लोगों के लिए खाने की व्यवस्था भी कर रही है। अक्षय कुमार ने भी उनकी मदद के लिये हाथ बढ़ाया है। गौतम गंभीर ने अक्षय कुमार को धन्यवाद दिया है।

गौतम गंभीर ने ट्वीट कर लिखा, 'इस समय में हर मदद उम्मीद की एक किरण है। गौतम गंभीर फाउंडेशन के लिए एक करोड़ रुपए की सहायता राशि देने के लिए शुक्रिया अक्षय कुमार। इससे जरूरतमंदों के लिए खाना, ऑक्सीजन और दवाइयों की व्यवस्था की जाएगी।' अक्षय कुमार ने भी गौतम के ट्वीट का रिप्लाई किया है। उन्होंने लिखा, 'ये सच में बहुत मुश्किल समय है। मुझे खुशी है कि मैं मदद कर सकता हूं। उम्मीद है कि हम जल्द ही इस समय से बाहर आएंगे। सुरक्षित रहिए।

# टेलिग्राम एप के जरिए करेंगे सोनू सूद करेंगे कोरोना मरीजों की मदद

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद टेलिग्राम एप के जरिये कोरोना संक्रमित मरीजों की मदद के लिये आगे आये हैं। कोरोना महामारी की वजह से हो रही मुश्किलों के बीच सोनू सूद मसीहा की तरह उभरे हैं। सोनू सूद कोरोना संक्रमण से स्वस्थ हो चुके हैं। वह आज भी लोगों की हर संभव मदद कर रहे हैं। सोनू सूद ने लोगों तक मदद पहुंचाने के लिए एक और जरिया बना दिया है। सोनू सूद ने टेलिग्राम एप पर एक रुप बनाया है, जिसके माध्यम से वो देशभर में जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचा सकेंगे। सोनू सूद ने इसके बारे में ट्वीट करते हुए जानकारी दी है। सोनू सूद ने देशवासियों से कोविड फोर्स ज्वाइन करने की अपील करते हुए लिखा, 'अब पूरा देश साथ आएगा। जुड़िए मेरे साथ टेलिग्राम चैनल पर 'इंडिया फाइट्स विद कोविड' पर हाथ से हाथ मिलाएंगे। देश को बचाएंगे।

## न्यूज गैलरी

### मौकों को गोल में तब्दील करने पर देना होगा ध्यान: निक्की

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी मिडफील्डर निक्की प्रधान ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में 100 से भी कम दिन रह जाने पर टीम की तैयारी को लेकर प्रतिक्रिया दी है। निक्की का मानना है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और उसे टोक्यो ओलंपिक से पहले मौकों को भुनाकर गोल करने की दर में सुधार करने की जरूरत है।

भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अर्जेंटीना और जर्मनी का दौरा किया था। कोरोना महामारी के कारण टीम एक साल तक कोई मैच नहीं खेल पायी थी। निक्की ने शनिवार को एक बयान में कहा, ÷ इन मैचों का अच्छा पक्ष यह रहा कि मैच दर मैच हमने सुधार किया। विश्व की नंबर दो अर्जेंटीना और विश्व की नंबर तीन जर्मनी दोनों टीमें खास शैली की हॉकी खेलती हैं और उन्हीं के मैदानों पर उनका सामना करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन हमने बेहतर खेल दिखाया। उन्होंने कहा, ÷ मेरा मानना है कि हमारे आक्रमण में अब भी सुधार की बहुत जरूरत है और हमारा ध्यान सर्किल में मिले मौकों को गोल में तब्दील करने पर होना चाहिए। मिडफील्डर और फारवर्ड के बीच संपर्क में भी काफी सुधार हुआ है क्योंकि हम सभी काफी लंबे समय से साथ में खेल रहे हैं। भले ही टीम को अर्जेंटीना और जर्मनी के दौरे पर अपेक्षित परिणाम न मिले हों, लेकिन ओलंपिक से पहले अच्छी तैयारी के लिए यह बहुत बढ़िया था।

### पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार 10वें दिन स्थिर

**नई दिल्ली (वार्ता)।** पेट्रोल-डीजल के दाम रविवार को लगातार 10वें दिन स्थिर रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल आज 90.40 रुपये और डीजल 80.73 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। पंद्रह दिन स्थिर रहने के बाद तेल विपणन कंपनियों ने ग?ते 15 अप्रैल को इनमें कटौती की थी। इसके बाद से फिर दोनों ईंधनों के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में भी पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रहे। पेट्रोल-डीजल के दाम की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

# ऑक्सीजन पर सीमा शुल्क और स्वास्थ्य उपकर खत्म

**नई दिल्ली (वार्ता)।** देश में कोरोना के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने और ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने तत्काल प्रभाव से तीन महीने की अवधि के लिए ऑक्सीजन और ऑक्सीजन से संबंधित उपकरणों से जुड़ी वस्तुओं के आयात पर मूल सीमा शुल्क और स्वास्थ्य उपकर से पूरी तरह छूट देने का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में ये निर्णय लिए गए। इस दौरान देश में ऑक्सीजन की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने की तुरंत आवश्यकता है। इसके तहत मरीजों की देखभाल के लिए घर और अस्पतालों दोनों में जरूरी उपकरणों की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि सभी मंत्रालयों और विभागों को ऑक्सीजन और चिकित्सा आपूर्ति की उपलब्धता बढ़ाने के लिए तालमेल से काम करने की जरूरत है। इस दौरान प्रधानमंत्री को बताया गया कि रेमडेसीविर और उसकी एपीआई पर मूल सीमा शुल्क में छूट दी गई है। यह सुझाव दिया गया था कि रोगियों को ऑक्सीजन प्रदान करने वाले संबंधित उपकरणों के आयात में तेजी लाने की आवश्यकता है। उनके उत्पादन और उपलब्धता को बढ़ाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तत्काल प्रभाव से तीन महीने की अवधि के लिए ऑक्सीजन और ऑक्सीजन से संबंधित उपकरणों से जुड़ी वस्तुओं के आयात पर मूल सीमा शुल्क और स्वास्थ्य उपकर से पूरी तरह छूट देने का निर्णय लिया है।

उपरोक्त कदमों के अलावा, यह भी निर्णय लिया गया कि कोविड-19 टीकों के आयात पर लगने वाले मूल सीमा शुल्क में भी 3 महीने की अवधि के लिए तत्काल प्रभाव से छूट दी जाएगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 582 डॉलर के पार

**मुंबई (वार्ता)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 582 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 16 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 1.19 अरब डॉलर बढ़कर 582.41 अरब डॉलर पर रहा। इससे पहले 09 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 4.34 अरब डॉलर बढ़कर 581.21 अरब डॉलर पर था। केंद्रीय बैंक ने बताया कि 16 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.13 अरब डॉलर बढ़कर 540.59 अरब डॉलर पर रहा। स्वर्ण भंडार भी 3.40 करोड़ डॉलर बढ़कर 35.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## पल्लेकेल का ग्राउंडमैन कोरोना संक्रमित

**पल्लेकेल (वार्ता)।** श्रीलंका और बंगलादेश के बीच मौजूदा टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट के आयोजन स्थल पल्लेकेल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का एक ग्राउंडमैन शुक्रवार को कोरोना से संक्रमित पाया गया। वह और उसके संपर्क में आए सभी नौ लोग फिलहाल आइसोलेशन में हैं। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के मीडिया प्रबंधक प्रसन्ना रोड्रिगो ने पुष्टि करते हुए बताया, ÷ ड्यूटी पर तैनात एक अस्थायी कर्मचारी नियमित कोरोना जांच के दौरान संक्रमित पाया गया है। उसके संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद उसे और उसके संपर्क में आए नौ लोगों को स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करते हुए क्वारंटीन में भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका और बंगलादेश के बीच यह टेस्ट सीरीज मूल रूप से जुलाई 2020 में खेली जानी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद अक्टूबर-नवंबर में श्रृंखला के आयोजन का एक और प्रयास किया गया था, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया, क्योंकि बंगलादेश की टीम श्रीलंका में 14 दिन के अनिवार्य क्वारंटीन में रहने के लिए तैयार नहीं थी।

# चेपौक की पिच पर दिल्ली, हैदराबाद के बीच दिलचस्प मुकाबला

**चेन्नई (वार्ता)।** दो बार के आईपीएल विजेता सनराइजर्स हैदराबाद का यहां रविवार को आईपीएल 14 के 19वें मुकाबले में गत उप विजेता दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफचिलचस्प होगा। चेपौक की पिच पर दिल्ली का यह दूसरा मुकाबला होगा, जबकि हैदराबाद ने अब तक अपने सभी मुकाबले यहीं पर खेले हैं।

दोनों टीमों ने यहां अपने पिछले मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की थी। दिल्ली ने जहां पांच बार की विजेता और गत चैंपियन मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा था तो वहीं हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को नौ विकेट से मात दी थी। ओवरऑल प्रदर्शन की बात करें तो दिल्ली का पलड़ा हैदराबाद से कहीं ज्यादा भारी है। दिल्ली का शीर्ष और मध्य बल्लेबाजी क्रम जबरदस्त फॉर्म में है और चार में से तीन मैच उसने इसी के बलबूते जीते हैं। पृथ्वी शॉ, शिखर धवन, ऋषभ पंत, मार्कस स्टॉयनिस और ललित यादव सभी बल्लेबाज बल्ले के साथ अच्छा दिख रहे हैं। यहां तक कि शिखर धवन ने टूर्नामेंट में अब तक सर्वाधिक 231 रन बनाए हैं, जिसके चलते वह ऑरेंज कैप धारक भी हैं। हैदराबाद की बल्लेबाजी पर नजर डालें तो कप्तान डेविड वार्नर और जॉनी बेयरस्टो को छोड़ कर अन्य कोई बल्लेबाज प्रभावी और मैच विजयी प्रदर्शन नहीं कर पाया है। सारा दारमदार टॉप आर्डर पर डालना ही हैदराबाद की सबसे बड़ी कमजोरी और दूसरे और तीसरे मैच में टीम की हार का कारण रहा है। इन दोनों मैचों में टॉप ऑर्डर के आउट होने के बाद मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाज कुछ नहीं कर पाए थे और जल्दी आउट हो गए थे।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी रहने के आसार

**मुंबई (वार्ता)।** कोविड-19 महामारी की बेकाबू दूसरी लहर के कारण घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरी साप्ताहिक गिरावट देखी गई और जिस रफ्तार से नये संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है, आने वाले सप्ताह में यह क्रम जारी रहने की आशंका है।

आने वाले सप्ताह में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के अंतिम दो चरणों के लिए मतदान होना है। चुनाव परिणामों को लेकर निवेशकों में संशय की स्थिति रहने से भी बाजार पर दबाव है। आगामी 27 और 28 अप्रैल को अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति तथा अर्थव्यवस्था को लेकर बैठक होनी है। फेड के बयान का असर भी बाजार पर रहेगा।

इससे पहले बीते सप्ताह शेयर बाजार गिरावट में रहे। बुधवार को रामनवमी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। इस दौरान सोमवार को बड़ी गिरावट रहने से बीएसई का सेंसेक्स 953.58 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को 47,878.45 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 276.50 अंक यानी 1.89 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 14,341.35 अंक पर रहा। गुरुवार को छोड़ शेष तीनों दिन दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुये।

# विश्व कप मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा : मिताली राज

**नई दिल्ली (वार्ता)।** महिला वनडे विश्व कप 2022 भारतीय वनडे महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एवं अनुभवी बल्लेबाज मिताली राज का आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है।

मिताली राज ने शनिवार को अपने दो दशक से लंबे करियर की समाप्ति का संकेत देते हुए कहा, मैं जानती हूं कि 2022 में न्यूजीलैंड में आयोजित वनडे विश्व कप मेरे 21 साल लंबे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। मेरे करियर का आखिरी साल मेरे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के 20 साल के बराबर था। भारतीय कप्तान ने वर्चुअल रूप से पुस्तक विमोचन के दौरान कहा, मुझे पता है कि हम मुश्किल समय में हैं, लेकिन मुझे अपनी फिटनेस पर काम करते रहने के लिए बहुत समय लगता है। मैं अब युवा नहीं रही हूं और मुझे फिटनेस का महत्व पता है। एक अच्छे भावनात्मक और मानसिक संतुलन में रहना महत्वपूर्ण है, यह जानते हुए कि हमारे पास विश्व कप से पहले बहुत कम दौरे होंगे। अब से मेरे लिए हर दौरा एक बल्लेबाज के रूप में महत्वपूर्ण है। इससे मुझे यह समझने में मदद मिलेगी कि मैं किस तरह से विश्व कप के लिए एक बेहतर टीम तैयार करूं। हां, मैं आशावादी हूं। इन दिनों साथी खिलाड़ी जिन सुविधाओं में जिस तरह से खेल रहे हैं और आगामी श्रृंखला के लिए उत्साह दिखा रहे हैं वह बहुत अच्छा है।

मिताली ने स्वीकार किया कि तेज गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें टीम को सुधार करने की जरूरत है विशेषकर इसलिए क्योंकि प्रमुख गेंदबाज झूलन गोस्वामी भी अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि हमें निश्चित रूप से कुछ खिलाड़ियों को देखने और विश्व कप के लिए तैयार करने की जरूरत है।

**शानदार वापसी**

**राजस्थान पांच मैचों में दूसरी जीत हासिल कर तालिका में छठे स्थान पर पहुंचा**

# राजस्थान ने कोलकाता को हराकर दर्ज की दूसरी जीत

**मुंबई (वार्ता)।** आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी क्रिस मौरिस (23 रन पर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी और कप्तान संजू सैमसन की नाबाद 42 रन की धैर्यपूर्ण पारी से राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाईट राइडर्स को आईपीएल 14 के मुकाबले में शनिवार को छह विकेट से हराकर पांच मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

राजस्थान ने कोलकाता को 20 ओवर में नौ विकेट पर 133 रन के मामूली स्कोर पर रोकने के बाद 18.5 ओवर में चार विकेट पर 134 रन बनाकर जीत अपने नाम की। कप्तान इयान मोर्गन की कोलकाता टीम को इस हार के साथ पांच मैचों में चौथी हार का सामना करना पड़ा और वह तालिका में आठवें औरअंतिम टीम स्थान पर खिसक गयी है। सैमसन ने 41 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 42 रन की मैच विजयी पारी खेली। युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने 17 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 22 रन बनाये। शिवम दुबे ने 18 गेंदों पर 22 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया। डेविड मिलर 23 गेंदों में एक चौके की मदद से 24 रन बनाकर सैमसन के साथ नाबाद पवेलियन लौटे। राजस्थान अब पांच मैचों में दूसरी जीत हासिल कर तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। कोलकाता के बल्लेबाजों ने धीमी शुरुआत करते हुए छह ओवर के पॉवरप्ले में एक विकेट खोकर 25रन बनाये। शुभमन गिल 19 गेंदों में एक चौके के सहारे मात्र 11 रन बनाकर जोस बटलर के सीधे थ्रो पर रन आउट हुए। नीतीश राणा और राहुल त्रिपाठी ने दूसरे विकेट के लिए 21 रन जोड़े। राणा ने चेतन सकारिया की गेंद पर विकेटकीपर संजू सैमसन को कैच थमा दिया। राणा ने 25 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाये। सुनील नारायण ने सात गेंदों में एक चौके के सहारे छह रन बनाये और वह जयदेव उनादकट की गेंद पर यशस्वी जायसवाल के हाथों बेहतरीन कैच के जरिये आउट हुए। कोलकाता के कप्तान इयोन मोर्गन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हो गए।

## सोना चमका, चांदी में नरमी

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशों में पीली धातु में रही नरमी के बीच घरेलू स्तर पर बीते सप्ताह वायदा बाजार में सोने के भाव चढ़ गये जबकि चांदी में गिरावट रही।

एमसीएक्स वायदा बाजार में लगातार तीसरे सप्ताह सोने के भाव में तेजी रही। इसकी कीमत गत सप्ताह 179 रुपये बढ़कर 47,532 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गई। सोना मिनी भी 147 रुपये की साप्ताहिक बढ़त में अंतिम कारोबारी दिवस पर 47,169 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ।

विदेशों में बीते सप्ताह सोना हाजिर 0.15 डॉलर फिसलकर 1,7730 डॉलर प्रति औंस रह गया। जून का अमेरिकी सोना वायदा भी 0.60 डॉलर की गिरावट के साथ शुक्रवार को 1,776.70 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ।

घरेलू स्तर पर चाँदी समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 10 रुपये सस्ती हुई और सप्ताहांत पर 68,784 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चाँदी मिनी की कीमत 37 रुपये बढ़कर 68,716 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गई।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर 0.04 डॉलर की साप्ताहिक तेजी के साथ 26.03 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# बोड़ला ब्लॉक के वनांचल में टीकाकरण का विरोध

नवप्रदेश संवाददाता

**बोड़ला।** विकासखण्ड के वनांचल के कई पंचायतों में खासकर बैगा आदिवासी बाहुल्य गांव में टीका करण कार्य का विरोध ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा लामबन्द होकर टीका करण अभियान का विरोध कर रहे हैं ,जिससे कोरोना के खिलाफआम जनता व प्रशासन की लड़ाई कमजोर पड़ रही है।कोरोना संक्रमण से निबटने के लिये क्षेत्र में शासन प्रशासन द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है और इस तरह लोगों का विरोध समझ से परे है ।संक्रमण के दूसरे दौर में जिस तरह से राज्य सहित जिले में भी कोरोना का कोहराम बदस्तूर जारी है ,लोगों को बड़ी संख्या में जान देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है।आम जनता के साथ साथ जिला प्रशासन भी कोरोना के मामले कम करने के लिए हर मोर्चे पर बेहतर कार्य कर रहे है कड़े से कड़े कदम उठाने से परहेज नहीं किया जा रहा है लेकिन इन बैगा बाहुल्य गांवों में जन सहभागिता व जनता में जागरुकता की कमी कोरोना से लड़ाई में शासन प्रशासन के हौसले को पस्त करने का कार्य कर रही है।

### बैगा बाहुल्य गांवों में हो रहा विरोध

बोड़ला विकासखण्ड में टीकाकरण को लेकर सभी बैगा बाहुल्य गांव में विरोध हो रहा है।सबसे पहले तरेगांव क्षेत्र के कुकरापानी पंचायत के लोगों द्वारा टीका करण के विरोध में गांव की सीमा में समूह बनाकर टीम को रोकने के लिए बैठे थे।इसके बाद वनांचल के ही बैरख, बोककरखार, शम्भूपिपर ,भीरा पंचायत क्षेत्र के दर्जनों गांवो जिनमे आमापानी, माचापानी, कुण्डपानी, महलीघाट ,, रानीदहरा आदि अनेक गांव में टीका लगाने पहुँची टीम को वापस कर दिया। बैगा जनजाति बाहुल्य ग्राम में टीकाकरण के लिये पहुँची स्वास्थ्य विभाग की टीम को लगभग सभी जगहों पर टीका लगने के बाद भी कोरोना संक्रमण होने की बात कहते हुए टीकाकरण के बाद तबियत खराब हो जाने व कई स्थानों पर मौत हो जाने की दलील दी गई।हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को काफी समझाईस दी गई लेकिन गांव वाले मानने को तैयार नहीं हुए ।टीम को बिना टीका लगाए खाली हाथ लौटना पड़ा।

### सोशल मीडिया में फैली अफवाह बनी कारण

आजकल सोशल मीडिया व मोबाइल फोन की पहुँच सभी लोगों के हाथ में है जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में भी लोग व्हाट्सएप व सोशल मीडिया के तकनीक का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे है।सूत्रों की मानें तो बोड़ला विकासखण्ड के वनांचल के ग्रामीण इलाकों में टीकाकरण को लेकर कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया व चर्चा के दौरान टीका लगाये जाने के बाद होने वाली सामान्य समस्याओं को बढ़ाचढ़ा कर बता देने से अफवाहों का बाजार गर्म है।इन असामाजिक शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया व चर्चा के माध्यम से टीका करण के विषय में भ्रामक बातें फैलाये जाने का असर यह हुआ कि पूरे ब्लॉक में टीकाकरण का कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के समझदार लोगों ने कहा कि ऐसे लोगों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्यवाही किया जाना चाहिए ।

### वेक्सीनेशन को लेकर मैदानी क्षेत्रों में ठीक स्थिति

वेक्सीनेशन को लेकर वनांचल क्षेत्रों से ही कुछ नेगेटिविटी वाली खबर आ रही हैं लेकिन मैदान क्षेत्र के पंचायतों में लोग टीकाकरण को लेकर जागरूकता का परिचय दे रहे हैं। वेक्सिनेशन के प्रारंभिक दौर में इस अभियान को काफी अच्छा प्रतिसाद मिला था।इस विषय मे बोड़ला ब्लॉक के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश साहू व बी पी एम सौरभ तिवारी ने बताया कि टीकाकरण के शुरुआती दौर में ब्लॉक के मैदानी क्षेत्रों के गांव व कस्बों में वेक्सीनेशन सेंटरों से अपेक्षित परिणाम मिल रहे थे ।45 पार लोगों के वेक्सीनेशन की घोषणा के बाद तो ब्लॉक मुख्यालय सहित सभी टीकाकरण सेंटरों में लोग स्वयं टीका लगवाने पहुंच रहे थे ।टीकाकरण केंद्रों में टीकाकरण का कार्य बदस्तूर जारी है और विभाग द्वारा तय टारगेट को पूरा करने समस्त केंद्रों के अलावा फील्ड की टीम द्वारा लगातार टीकाकरण के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को रही परेशानी

कोरोना महामारी से निबटने के लिए अधिक से अधिक लोगों को वेक्सीनेशन से जोड़ने के लिये स्वास्थ्य विभाग की मैदानी क्षेत्रों में गांव गांव जाकर टीकाकरण के लिये जाने वाली टीम के डॉक्टरों व महिला व पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गांव में लोगों द्वारा समूह बनाकर घेरा जा रहा है टीम में महिला व पुरुष कार्यकर्ताओं को सुरक्षा का खतरा है ,लोग उनसे टीकाकरण के बाद बुखार आदि के इलाज के पैसों की मांग कर ,टीकाकरण के बाद भी संक्रमण और मौतें की बात कहकर भी टीकाकरण का विरोध किया जा रहा है।

> हमारे द्वारा लगातार टीकाकरण के लिये प्रयास किया जा रहा है कुछ एक स्थानों में ऐसी स्थिति बनने पर लोगों को समझाया जा रहा है और लोगों की शंकाये दूर कर टीकाकरण के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रशासन अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण से जोड़ने के लिए प्रयासरत है और इसके लिये तहसील प्रशासन के सभी जिम्मेदार विभाग के कर्मचारी प्रतिबद्ध होकर कोरोना से लड़ाई जीतने के लिए दमदारी से फील्ड में डटे हुए हैं। प्रशासन द्वारा सभी जगह लोगों को टीकाकरण के लिये प्रेरित किया जा रहा है।
>
> -एसडीएम

## न्यूज गैलरी

### कृषिमंत्री रविन्द्र चौबे ने लगवाया दूसरा डोज

बेमेतरा। प्रदेश के कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे शनिवार को राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुँचकर कोरोना वैक्सीन की द्वितीय डोज का टीका लगवाया। इससे पूर्व उन्होंने 11मार्च को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगवाया था। टीका लगने के बाद मंत्री रविंद्र चौबे आधे घंटे तक चिकित्सकों की निगरानी में रहे। केबिनेट मंत्री श्री चौबे ने इस मौके पर राज्य के 45 वर्ष अधिक उम्र के लोगों से कोरोना से बचाव के लिए अनिवार्य रूप से टीका लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा जैसा कि आप सब लोगों को मालूम है कि आगामी 1 मई से राज्य सरकार द्वारा 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोरोना का निशुल्क टीका लगाए जाने के अभियान की शुरुआत की जा रही है। ऐसी स्थिति में 1 मई से कोरोना टीकाकरण केंद्रों में लोगों की भीड़ बढ़ जाएगी और टीका लगने के लिए इंतजार करना होगा। इससे बचने के लिए जरूरी है कि 45 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे लोग जो अभी तक टीका नहीं लगवाए हैं, वह तत्काल अपने आसपास के वैक्सीनेशन सेंटर पहुंच कर टीका लगवा लें। केबिनेट मंत्री श्री चौबे ने कहा कि कोरोना टीका को लेकर किसी भी तरह का संशय मन में न पाले, सुनी-सुनाई बातों और अफवाहों पर ध्यान न दें। कोरोना संक्रमण और बीमारी की गंभीर स्थिति से बचने के लिए टीका लगाना जरूरी है।

### महापौर संस्कारधानी की चिंता करें बयानबाजी ना करें : पारूल

राजनांदगांव। महिला मोर्चा जिला महामंत्री पारुल जैन ने महापौर के ऊपर तंज कसते हुए कहा प्रियंका गांधी जी के एक फोन में दिल्ली से लखनऊ ऑक्सीजन भेजा जा रहा है वही प्रदेश की जनता मे ऑक्सीजन को लेकर हाहाकार मचा हुआ है जिस की चिंता प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नहीं है पूरा प्रदेश कोरोना संक्रमण काल से संक्रमित है 12 जिला पूरी तरह से लॉक डाउन है प्रदेश सरकार के कुप्रबंधन अव्यवस्था से हर दिन लोगों की मौत हो रही है महापौर सिर्फ बयानबाजी में मस्त है शहर के प्रति अपनी जवाबदेही को छोड़कर सिर्फ अपने आप को बचाने में लगे हुए हैं जबकि पूरा प्रदेश संक्रमण की चपेट में है पहले सरकार वैक्सीन का विरोध करती है संक्रमण फैलाव सरकार के गलत फैसले से हुआ अगर रायपुर में क्रिकेट मैच का आयोजन नहीं होता तो संक्रमण इतना नहीं फैलता भीड़ होने के कारण संक्रमण तेजी से संक्रमण फैला अपनी नाकामी को छुपाने के लिए दोषारोपण करना महापौर को शोभा नहीं देता स्वास्थ्य केंद्रों में दवाई नहीं है ऑक्सीजन की कमी के चलते युवा जवानों का की मौत हो रही है कोरोना जांच केंद्रों में किट उपलब्ध नहीं है सरकार की नाकामी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है महापौर पहले शहर की चिंता कर ले राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्था का आलम है बयान बाजी को छोड़ कोरोना संक्रमित को बचाने कारगार उपाय के लिए भागीरथ प्रयास करें दोषारोपण करके अपनी जवाबदेही से नहीं मुकर सकता।

# हजार के कारोबार को सैकड़ा भी मुश्किल से..!

### अर्श से फर्श पर आया सैलून

**भाटापारा।** किराया जमा करना है। बैंक की किस्त पटाने की तारीख भी करीब आ रही है। कारोबार की निरंतरता के लिए उधार में लाए गए सामान के पैसे भी देने हैं।

करोड़ नहीं, लाख नहीं, हजार भी नहीं। महज कुछ सैकड़ा का कारोबार करने वाली सैलून दुकानें सड़क पर आ चुकीं हैं। कोरोना के पहले एक सैलून दुकानदार 12 सौ से 15 सौ रुपए लेकर लौटता था। पहले दौर के बाद सामान्य होते दिनों में यह रकम घटकर 1 हजार से 12 सौ रुपए पर आ गई। अब चालू लॉकडाउन के पहले हालत इतनी खराब हुई कि यह रकम 6 सौ से 8 सौ रुपए पर आ चुकी है। अब लॉकडाउन के बढ़ते दिनों के बाद जो है यह कारोबार।

**अर्श से फर्श पर:** शहर में लगभग 85 सैलून दुकानें संचालित हो रहीं हैं। कोरोना कॉल के पहले तक 1000 से 1500 रुपए कमाने वाली एक दुकान, आज 600 से 800 रुपए पर आ चुकी है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि लॉकडाउन के बाद इतनी मामूली सी रकम में किराया, सामान के पैसे, बिजली बिल, बैंक की किस्त और घरेलू खर्चों के लिए रकम जुटाने में इसे किन-किन मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

### यह बड़ी वजह

संक्रमण के दौर में बाजार और व्यावसायिक गतिविधियों वाले क्षेत्रों में सैलून को भी संक्रमण बढ़ाने में सहायक माना गया। लिहाजा इस पर भी कड़ी बंदिश लगा दी गई। मिन्नतों के बाद, शर्त पर अनुमति मिली लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। फिर भी उबरने के जी-तोड़ प्रयास किए गए। 2020 का पूरा साल गुजर गया तब कहीं जाकर 2021 के शुरुआती महीनों में इस क्षेत्र को संतोष की सांस लेते देखा गया।

### मदद की आस

सैलून कारोबार जिस संकट का सामना कर रहा है ,उसे देखते हुए इस क्षेत्र का एक बड़ा वर्ग ,सरकार से मदद की आस लगाए हुए है। बिजली बिल, बैंक कर्ज में छूट देने से थोड़ी राहत मिल सकती है। अधिकांश गुमटियां निकाय की हैं। इसलिए उम्मीद है कि प्रशासन इस पर ध्यान देगा और मानवीय दृष्टिकोण से राहत के लिए कदम उठाए जाएंगे।

# हाथों-हाथ बिक रही पालक और चौलाई

### सेब, किवी, अंगूर में होते हैं विटामिन सी

**भाटापारा।** कुम्हड़ा को रसोई तक पहुंचने में लगते थे कई दिन। अब लग रहे हैं, मात्र 1 या 2 घंटे। लाल भाजी, चौलाई ,चेंच, पालक तो मिनटों में पहुंच रहे हैं। ऐसा क्यों? इस सवाल के पीछे मात्र एक ही वजह है, वह है इनमें संक्रमण से बचाव की पूर्ण क्षमता का होना। आहार विज्ञानियों की सलाह के बाद सब्जियों में इनकी ही मांग भरपूर निकल रही है और सेवन भी बढ़ रहा है।

सब्जी वैज्ञानिकों का रिसर्च अब किसानों तक ही सीमित नहीं रहा। यह हर घर में पहुंच चुका है।कोरोना ने खान-पान और सेहत को लेकर जागरूक कर दिया है। इसमें हरी सब्जियों का सेवन किए जाने की सलाह इसलिए दी जा रही है क्योंकि सब्जी वैज्ञानिकों ने इनमें संक्रमण रोकने के तत्वों के होने का, ना केवल खुलासा किया है बल्कि इसे प्रमाणित भी किया है। इसके बाद, कम से कम 8 ऐसी सब्जियों की मांग बढ़ रही है जिन्हें ऐसी परिस्थितियों में सही पाया गया है।

**इसलिए सेब और मौसंबी:** विटामिन सी की टेबलेट लेने की सलाह भी दी जा रही है। दवाईयां, टेबलेट लेने से परहेज करने वालों के लिए विटामिन सी की उपलब्धता वाले सेब ,मौसंबी, कीवी और अंगूर सर्वोत्तम माने जा रहे हैं। आंवला और नींबू भी लिया जा सकता है।अनुसंधान और आहार विज्ञानियों की सलाह के बाद सेहत को लेकर बरती जा रही सावधानी के बीच फलों का सेवन और मांग दोनों बढ़ रही है।

**ऐसी है कीमत:** भरपूर मांग के बाद चौलाई और लाल भाजी 40 रुपए किलो, चेंच 30 रुपए किलो और पालक 60 रुपए किलो पर मिल रही है तो करेला 60, लौकी 50 रुपए, तोरई 40 और कुम्हड़ा 45 रुपए किलो पर मिल रहा है। फलों में 240 रुपए किलो की कीमत के साथ सेब शिखर पर है, तो अंगूर 130 रुपए, मौसंबी 100 रुपए किलो पर मिल रहा है। किवी चार नग का पैकेट 80 से 100 रुपए पर पहुंच चुका है।

### इसलिए बढ़ रही मांग

सब्जी वैज्ञानिकों ने अपने अनुसंधान में यह पाया है कि लाल, पालक ,चेंच और चौलाई भाजी में आयरन और प्रोटीन के तत्व अच्छी मात्रा में हैं। इसकी वजह से यह डायरिया और उल्टी दस्त जैसी बीमारियां रोकने में सक्षम है। जबकि करेला, तोरई ,लौकी और कुम्हड़ा में पानी की मात्रा अच्छी खासी है। कोरोना जैसी महामारी के बीच बार-बार पानी लेने की सलाह ,इन चारों सब्जी को रसोई घर तक पहुंचने में भरपूर मदद कर रही है।

> चौलाई, चेंच,पालक और लाल भाजी में प्रोटीन और आयरन जैसे तत्व भरपूर हैं फलों में सेब, संतरा मौसंबी, किवी और अंगूर में विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है इसलिए इन्हें संक्रमण से बचाव के लिए उपयुक्त माना गया है।
>
> -डॉ.अमित दीक्षित, साइंटिस्ट, फ्रूट एंड वेजिटेबल साइंस, कृषि महाविद्यालय, कुरुद

# संपूर्ण कबीरधाम जिला आगामी 6 मई सुबह 6 बजे तक रहेगा पूर्ववत कंटेनमेंट जोन

### कबीरधाम जिले की सभी सीमाएं पूर्णतः रहेगी सील

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री रमेश कुमार शर्मा ने कबीरधाम जिले के संपूर्ण क्षेत्र को आगामी 6 मई सुबह 6 बजे तक पूर्ववत कंटेनमेंट जोन रखने आदेश जारी किया है। विदित है कि पूर्व आदेश के अनुसार जिले में 21 अप्रैल से 29 अप्रैल शाम 6 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित था। कोरोना वायरस, कोविड-19 के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने आगामी 6 मई सुबह 6 बजे तक पूर्ववत कंटेनमेंट जोन रखने के आदेश जारी किए है। उपर्युक्त दर्शित अवधि में कबीरधाम जिले की सभी सीमाएं पूर्णतः सील रहेगी।

जारी आदेश के अनुसार कबीरधाम जिला अंतर्गत संपूर्ण क्षेत्र 6 मई सुबह 6 बजे तक कंटेनमेंट जोन रहेगा। उपर्युक्त दर्शित अवधि में कबीरधाम जिले की सभी सीमाएं पूर्णतः सील रहेंगी। उपर्युक्त अवधि में सभी अस्पताल, मेडिकल दुकानें, क्लिनिक एवं पशु-चिकित्सालय को उनके निर्धारित समय में खुलने की अनुमति होगी। मेडिकल दुकान संचालक मरीजों के लिए दवाओं की होम डिलीवरी को प्राथमिकता देंगे, शासकीय उचित मूल्य दुकानों को खाद्य अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में खुलने की अनुमति होगी, मास्क, फिजिकल डिस्टेंसिंग, नियमित सेनिटाइजेशन एवं भीड़ भाड़ नहीं होने देने की शर्त का कड़ाई से पालन कराने के अधीन, टोकन व्यवस्था के साथ खुलने की अनुमति होगा।

### परिचय पत्र दिखाने पर ही मिलेगा डीजल-पेट्रोल

पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा केवल शासकीय वाहन, शासकीय कार्य में प्रयुक्त वाहन, एम्बुलेंस, ग्रॉसरी होम डिलिवरी, एल.पी.जी. परिवहन कार्य में प्रयुक्त वाहन, उनके अभिभावक, परिचय पत्र दिखाने पर मीडियाकर्मी, प्रेस वाहन, न्यूज पेपर हॉकर, दुग्ध वाहन तथा छत्तीसगढ़ में नहीं रूकते हुये एक राज्य से सीधे अन्य राज्य जाने वाले वाहनों को पी.ओ.एल. प्रदान किया जाएगा।

# साइकिल से लॉकडाउन का पालन करने किया जा रहा जागरूक

**कवर्धा।** थाना पंडरिया में ड्यूटी पर तैनात जवानों के उत्साहवर्धन एवं पंडरिया नगर वासियों को कोविड-19 कोरोनावायरस महामारी से बचाव के लिए पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी श्री एन.के. बेंताल, थाना प्रभारी पंडरिया निरीक्षक श्री के.के. वासनिक एवं थाना पंडरिया पुलिस टीम के द्वारा नगर में साइकिल चलाकर आम जनों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए लॉकडाउन का पालन करने अपील किया गया, तथा बिना अति आवश्यक कारण के घर से ना निकलने कोरोनावायरस महामारी से बचने के लिए मास्क का उपयोग करने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, बार-बार साबुन से हाथ धोने या सेनीटाइजर का इस्तेमाल करने, तथा जिस प्रकार अब तक शासन प्रशासन का साथ महामारी को हराने में आप लोगों ने अपना योगदान दिया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**देश की धड़कन...** में कोविड-19 की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बीते कुछ दिनों में संक्रमण दर 36 प्रतिशत के उच्चतर स्तर पर पहुंच गई थी। केजरीवाल ने कहा कि 19 अप्रैल की रात को लगाया गया लॉकडाउन तीन मई सुबह पांच बजे तक जारी रहेगा। राष्ट्रीय राजधानी में पहले लॉकडाउन को 26 अप्रैल की सुबह पांच बजे खत्म होना था। उन्होंने कहा, ''हमें कुछ और दिन स्थिति देखनी होगी कि मामले घटते हैं या बढ़ते हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस का प्रकोप सरकार द्वारा छह दिन का लॉकडाउन लगाने के बावजूद कम नहीं हुआ है।

**अस्पतालों में इलाज और..** में कोविड-19 की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बीते कुछ दिनों में संक्रमण दर 36 प्रतिशत के उच्चतर स्तर पर पहुंच गई थी। केजरीवाल ने कहा कि 19 अप्रैल की रात को लगाया गया लॉकडाउन तीन मई सुबह पांच बजे तक जारी रहेगा। राष्ट्रीय राजधानी में पहले लॉकडाउन को 26 अप्रैल की सुबह पांच बजे खत्म होना था। उन्होंने कहा, ''हमें कुछ और दिन स्थिति देखनी होगी कि मामले घटते हैं या बढ़ते हैं।''

**पीएम केयर्स फंड...** प्रदेशों के जिला मुख्यालयों में चिह्नित अस्पतालों में की जाएगी और केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय यह काम करेगा। पीएम केयर्स कोष से इससे पहले से देश के विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य केंद्रों में 162 पीएसए चिकित्सीय ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों की स्थापना के लिए 201.58 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

**देश में कोरोना की स्थिति** भारत में एक दिन में कोविड-19 के रिकॉर्ड 3,49,691 नए मामले आने के साथ ही संक्रमण के मामले बढ़कर 1,69,60,172 पर पहुंच गए जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 26 लाख के पार चली गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार को सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान संक्रमण के कारण 2,767 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 1,92,311 पर पहुंच गई है।

**दिग्गज डॉक्टरों ने...** की जरूरत पड़ती है, ना रेमडेसिविर की और न ही ज्यादा दवाइयों की जरूरत पड़ती है। उन्होंने बताया कि ऐसे मामूल लक्षण वालों को क्या करना चाहिए। डॉ. गुलेरिया ने कहा, बुखार, जुकाम आदि की दवाई लें, घरेलू नुस्खे अपनाएं, भाप लें, योग करें। इसी से आप ठीक हो जाएंगे। आपको घर में ना ऑक्सिजन रखने की जरूरत है और ना रेमडेसिविर। आप आराम से हफ्ते-10 दिन में ठीक हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो स्टेबल पेशेंट हैं, जो घर पर हैं, जिनका ऑक्सिजन सेचुरेशन 93-94 से ज्यादा है। उन्हें रेमडेसिविर नहीं लेना चाहिए। अगर ऐसे लोग रेमडेसिविर लेंगे तो उन्हें नुकसान ज्यादा हो सकता है, फायदा कम होगा। उन्होंने कहा, एक बात यह भी है कि कई लोग यह समझते हैं कि कल मेरी ऑक्सिजन सेचुरेशन 98 थी और आज 97 हो गई, इसका मतलब है कि ऑक्सिजन लेवल घटने लगा है। इसलिए, ऑक्सिजन लगाने की नौबत आ गई है। आपको समझना चाहिए कि अगर आपकी ऑक्सिजन सेचुरेशन 94, 95, 97 है तो ऑक्सिजन लगाने की कोई जरूरत नहीं है। अगर आपको लगे कि सांस लेने में तकलीफ हो रही है।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायपुर (छ.ग.)

#### ई-प्रोक्योरमेंट ''रूचि की अभिव्यक्ति'' की सूचना

निविदा प्रपत्र "A" में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से रायपुर जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिसन अंतर्गत मल्टी विलेज स्कीम सर्वेक्षण एवं डी.पी. आर. कार्य की ऑनलाईन ''रूचि की अभिव्यक्ति'' (EOI) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ई.ओ.आई. क्रमांक, दिनांक/सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित टेंडर लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 269/21.04.21, 76466 | Survey and DPR for Multi Village Scheme | 24696.15 |

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 26.04.2021 के देखी जा सकती है एवं निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 11.05.2021 होगी।

जी-60333/6

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रायपुर (छ.ग.)



### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़

eegar-phe-cg@nic.in

#### ''रूचि की अभिव्यक्ति''

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम ठेकेदारों से प्रपत्र ए में प्रतिशत दर पर गरियाबंद जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/ रेट्रोफिटिंग हेतु सर्वेक्षण एवं डी.पी.आर. तैयार करने तथा टी.पी.आई. हेतु ऑनलाईन ''रूचि की अभिव्यक्ति'' (EOI) आमंत्रित की जाती है।

| नि.सू.क्र./ दिनांक | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 79/22.04.2021 | 76482 | जिला गरियाबंद के जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल विलेज/रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना तैयार करने हेतु ग्रामों का टोटल स्टेशन सर्वेक्षण विस्तृत डिजाईन ड्राईंग के साथ डी.पी.आर. तैयार करने का कार्य। 606 योजनाओं हेतु विस्तृत प्रस्तुतीकरण साफ्ट एवं हार्ड कापी छः प्रतियों में समस्त अवयवों के बी.ओ.क्यू. सहित। | 11953.65 |
| 80/22.04.2021 | 76485 | जिला गरियाबंद में जल जीवन मिसन के अंतर्गत कुल 60 ग्रामों हेतु 03 नग मल्टी विलेज नल जल प्रदाय योजना तैयार करने हेतु ग्रामों का टोटल स्टेशन सर्वेक्षण, विस्तृत डिजाईन ड्राईंग के साथ डी.पी.आर. तैयार करने का कार्य। 03 योजनाओं हेतु विस्तृत प्रस्तुतीकरण साफ्ट एवं हार्ड कॉपी सात प्रतियों में समस्त अवयवों के बी.ओ.क्यू. सहित। | 7130.84 |
| 81/ 22.04.2021 | 76491 | जिला गरियाबंद के ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित किए जा रहे कार्यों के तृतीय पक्ष निरीक्षण कार्य टी.पी.आई. हेतु ई.ओ.आई। | 58388.00 |

नोट :- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 28.04.2021 से देखा जा सकती है तथा बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 12.05.2021 है।

जी-60337/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद (छ.ग.)


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

## न्यूज गैलरी

### भूपेश की नीति नियत से गरियाबंद सहित छत्तीसगढ़ में देंगे कोरोना को मात : कोसरिया

**देवभोग।** राहुल गांधी के दिशा निर्देश के अलावा भूपेश बघेल की नीति नियत से गरियाबंद सहित पूरा छत्तीसगढ़ कोरोना पर जीत हासिल करेगा। क्योंकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं मोर्चा संभालते हुए मानिटरिंग कर एक्शन के

साथ लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष नगर अध्यक्ष सहित तमाम संगठन लोगों के साथ बैठक लेकर कोविड सेंटर अस्पताल मैं व्यवस्था की जानकारी लेकर आवश्यकता अनुसार बजट भी जारी कर रहे हैं। तभी अन्य प्रदेश की तुलना छत्तीसगढ़ की स्थिति में हल्का सुधार देखने को मिल रहा है। उक्त बातें कांग्रेस कमेटी जिला प्रभारी रंजीत कोसरिया ने नवप्रदेश से चर्चा के दौरान कहा। रंजीत कोसरिया ने आगे बताया कि भूपेश बघेल राज्य की जनता को सुरक्षित रखने के लिए हर मोड़ पर नजर आ रही हैं। शायद यही वजह है कि 1 मई से 18 वर्ष के व्यक्तियों को लगने वाला वैक्सीन छत्तीसगढ़ में निशुल्क लगाया जाएगा। और अंतिम अस्पताल तक ऑक्सीजन सिलेंडर पहुंचे इसके लिए भी भूपेश सरकार द्वारा भरसक प्रयास किया जा रहा है। सबसे खास बात तो यह है कि राज्य के हर वर्ग के लोग राज्य सरकार पर भरोसा जताया है। जिससे कोरेना की लड़ाई में काफी हद तक राहत मिल रही है। ऐसे में तमाम राजनीतिक द्वेष को छोड़ इस संकट की घड़ी में विपक्ष सरकार के साथ होने की अपील भी किया है ।रंजीत कोसरिया ने राहुल गांधी के निर्देशों का पालन जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को अमल में लाने के लिए भी अपील किया है ।कांग्रेस का एक एक सिपाही इस भयावह स्थिति में असहाय लोगों के मदद के लिए आगे आए और वैक्सीन लगाने के लिए जागरूक करते हुए उनकी हर संभव मदद करने के निर्देश का पालन करने के लिए भी कहा है। ताकि प्रदेश के गांव गांव के लोगों कोरोना पर जीत हासिल कर सकें।

### नगर पंचायत भटगांव में लॉकडाउन का नहीं हो रहा पालन

**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव में लाकडाउन का पालन नही हो रहा है। नगर में दुकानदारों द्वारा दुकान खोल खोल कर सामान बेचा जा रहा हैं इतना ही नही नगर पंचायत के द्वारा नगर में निर्माण कार्य चलाया जा रहा है । साथ ही नगर में लोग घुमते-फिरते नजर आते है । कहीं कोई लाकडाउन का पालन नही किया जा रहा है । जबकि क्षेत्र में कोरोना वायरस से ग्रषित लोगो की संख्या बढ़ती ही जा रही है और ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियो की लापरवाही कोरोना वाईरस को न्यौता दे रही है । नगर के लोग चौक-चौराहों में बैठे नजर आते है ।, जहां मुख्यमंत्री ने भी लोगों से अपील किया हैं बिना काम के घर से बाहर ना निकले, मास्क का उपयोग करें, तो बिलाईगढ एस,डी,एम, ने भी लाकडाउन के निर्देश को सभी आम जनता को पालन करने की अपील किया गया है ?। कि बिना काम के घर से बाहर ना निकले लेकिन फिर भी लोगों के द्वारा लाकडाउन का पालन नही किया जा रहा है। और शासन के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी भी शासन के निर्देश को पालन कराने में ध्यान नहीं दे रहे है ना ही शासन प्रशासन के आदेशों का लोगो को पालन करने पर जोर दिया जाना चाहिए। पर ऐसा नहीं हो रहा है। लोगों द्वारा मनमाना घुमते-फिरते नजर आ रहे है ।

### प्रदेश सरकार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं का निवासों में एकदिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन

बेमेतरा/बेरला - वर्तमान विश्व्यापी कोरोना महामारी संकटकाल के बीच प्रदेश भाजपा के आह्वान पर राज्य की भूपेश सरकार की नाकाम नीति व प्रदेश की स्वास्थ्य की बदहाल व्यवस्था के आह्वान पर बेमेतरा-बेरला विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के समस्त जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा अपने निजी निवासों व घरों के बाहर एकदिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया

गया। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र के पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल, सोसायटी अध्यक्ष प्रीतम चंदेल, प्रकाश चंदेल अपने गृहग्राम रेवे स्थित निवास पर भूपेश सरकार के खिलाफसांकेतिक रूप से हल्ला बोल सरकार व उसके नीतियों के प्रति अपना विरोध जताया। जिसमे उनके अलावा बेरला मण्डल अध्यक्ष बलराम पटेल गृहग्राम सूरजपुरा से, ज़िला पंचायत सभापति पुष्पा साहू गृहग्राम लेंजवारा से, वरिष्ठ कार्यकर्ता संजीव तिवारी गृहग्राम देवरबीजा से, ठठिया से महामंत्री डोमेन्द्र राजपूत, बेरला वार्ड नं.15 से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लता वर्मा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा अध्यक्ष द्रौपदी साहू गृहग्राम देवादा से, सुनील राजपूत, नीरज राजपूत गृहग्राम परपोड़ा से, राजा साहू गृहग्राम रांका से, शिवझड़ी सिन्हा बेरला गृहनगर बेरला से, जनपद सदस्य हेमन्त वैष्णव व लालू साहू सरदा सहित इत्यादि गाँवो में कार्यकर्ता व पार्टी के पदाधिकारी अपने अपने निवास के सामने एकदिवसीय सांकेतिक धरना में कोरोना गाइडलाइंस व लॉक डाउन सम्बन्धी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इस अभियान में शामिल हुए।

### कोरोना महामारी के बीच एपीजे अब्दुल कलाम ओपन क्रू के रोवर्स सेवा कार्य के लिए डटे हुए हैं मैदान पर

**खरोरा।** सुरेश शुक्ला जी जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर एवं श्री अशोक नारायण बंजारा जी जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 24 अप्रैल 2021को एपीजे अब्दुल कलाम ओपन रोवर क्रू रायपुर के रोवर्स राज देवांगन, सत्यनारायण देवांगन , विपिन वर्मा , यश जयसवाल, खिलेश्वर देवांगन, पीयूष देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन, रूपेश देवांगन, देव, शिवम और अन्य रोवर्स अपने रोवर लीडर असगर खान जी एवं सुश्री शाहिना परवीन

जिला प्रशिक्षण आयोग गाइड के अगुवाई में करोना के सभी गाइडलाइन का पालन करते हुए स्वयं पोस्टर तैयार कर चौक चौराहों एवं घर घर जाकर तैयार किए गए पोस्टर बाट कर व दीवारों में पोस्टर चिपका कर लोगों को कोरोनावायरस टीकाकरण के प्रति भ्रांति को दूर करने का कार्य एवं सोशल डिस्टेंस मास्क अनिवार्य स्टे होम के बारे में जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है इन सभी रोवर्स के अग्रणी कार्य के लिए माननीय श्री सत्यनारायण शर्मा जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स नई दिल्ली एवं वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ,माननीय श्री विनोदी सेवालाल चंद्राकर जी राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन ,श्री कैलाश कुमार सोनी जी राज्य सचिव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, श्री जी स्वामी जी जिला अध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर श्री मृत्युंजय शुक्ला जी जिला सचिव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस पूरी गतिविधि के बारे में जानकारी श्री मनोज कुमार वर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने दी।

# गरियाबंद में कंटेंटमेंट जोन की अवधि 5 मई तक बढ़ी, थोड़ी राहत भी..

**होम डिलीवरी प्रातः 6 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक**

- गोडाउन में लोडिंग/अन-लोडिंग की अनुमति रात्रि 11:00 बजे से प्रातः 04 बजे तक
- शासकीय उचित मूल्य दुकानों को प्रातः 10:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक खुलने की अनुमति होगी

नवप्रदेश संवाददाता

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा इस आशय का आदेश प्रसारित किया गया है कि गरियाबंद जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र 05 मई 2021 प्रातः 06 बजे तक पूर्ववत् कंटेनमेंट जोन रहेगा। उपरोक्त दर्शित अवधि में गरियाबंद जिले की सभी सीमाएं पूर्णतः सील रहेगी। उपरोक्त अवधि में सभी अस्पताल, मेडिकल दुकानें, क्लिनिक एवं पशु-चिकित्सालय को उनके निर्धारित समय में खुलने की अनुमति होगी। मेडिकल दुकान संचालक मरीजों के लिए दवाओं की होम डिलीवरी को प्राथमिकता देंगे। शासकीय उचित मूल्य दुकानों को प्रातः 10:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक खुलने की अनुमति होगी। मास्क, फिजिकल डिस्टेंसिंग,

नियमित सेनिटाईजेशन एवं भीड़-भाड़ नहीं होने देने की शर्त का कड़ाई से पालन कराने के अधीन, टोकन व्यवस्था के साथ खुलने की अनुमति होगी। सभी प्रकार की मंडियां तथा थोक /फुटकर एवं ग्रॉसरी दुकानें बंद रहेगी, किन्तु आवश्यक वस्तुओं/माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु गोडाउन में लोडिंग/अन-लोडिंग की अनुमति रात्रि 11:00 बजे से प्रातः 04 बजे तक दी जाती है। फल, सब्जी, अंडा, पोल्ट्री, मटन, मछली एवं किराना सामग्री/ग्रॉसरी की होम डिलीवरी प्रातः 06 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक केवल स्ट्रीट वेण्डर्स/ठेले वालों/पिक-अप/मिनी ट्रक/अन्य उपयुक्त छोटे वाहन के माध्यम से की जा सकेगी। इस हेतु प्रयुक्त वाहन पर बैनर या बड़ा स्टिकर प्रदर्शित करना होगा। आम जनता हेतु दुकान खोले बिना किराना दुकानों के आसपास के क्षेत्र में दुकानदार द्वारा स्वयं या डिलीवरी बॉय के माध्यम से उपरोक्त समयावधि में होम डिलीवरी की जा सकेगी। स्थानीय ऑनलाईन शॉप तथा ई-कामर्स सेवाओं यथा अमेजॉन, फ्लिपकार्ट इत्यादि को उपरोक्त समयावधि में होम डिलीवरी हेतु अनुमति प्रदान की जाती है किन्तु शॉप/स्टोर आम जनता हेतु नही खुलेगें। उपरोक्तानुसार होटलों एवं रेस्टोरेंट इत्यादि से प्रातः 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक ही होम डिलीवरी की अनुमति दी जाती है किन्तु ग्राहको के लिए इन-हाउस डाइनिंग तथा टेक-अवे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। भीड़-भाड़ या निर्देशों का उल्लंघन होने पर होटलों एवं रेस्टोरेंट्स को नियमानुसार 30 दिवस हेतु सील करने की कार्यवाही की जावेगी। इस व्यवस्था में संलग्न सभी व्यक्तियों को नियमित अंतराल में कोविड-19 जाँच तथा 45 वर्ष से अधिक अवस्था वाले व्यक्तियों को कोविड-19 वैक्सीनेशन कराना आवश्यक होगा। उपरोक्तानुसार होम डिलीवरी के दौरान मास्क धारण करना एवं फिजिकल डिस्टेंसिग का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। किसी दुकान में/होम डिलीवरी के दौरान भीड़-भाड़ होने पर एपिडेमिक एक्ट 1897 के अधीन चालान अर्थदण्ड अधिरोपित करने के साथ-साथ दुकान को 30 दिवस हेतु सील किया जावेगा।

## लॉकडॉउन के उल्लंघन पर कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

**अनावश्यक घूमने वालों पर होगी कार्यवाही**

बोड़ला थाना प्रभारी एसआर सोनी ने बताया की पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा व कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने महामारी अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए संपूर्ण जिला क्षेत्र को 21 अप्रैल शाम 4:00 से 29 अप्रैल प्रातः 6:00 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित कर लॉक डाउन लगाया है। जिला प्रशासन के आदेश के अनुसार लोगों द्वारा कंटेनमेंट जोन घोषित किए जाने के बाद भी लाक डाउन के नियमों का उल्लंघन करते पाया जा रहा है ।लोगों द्वारा हॉस्पिटल मेडिकल परिजन के दाह संस्कार व अन्य कार्यों का नाम लेकर बेवजह आना जाना कर रहे हैं ।कोरोना संक्रमण की रोकथाम व नियंत्रण हेतु अनावश्यक घूमने वालों के लिए जिला प्रशासन से कड़ी कार्यवाही करने का आदेश जारी किया गया है।

**बोड़ला।** कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण जिले में लॉक डाउन लगाया गया पुलिस प्रशासन द्वारा लॉकडाउन के दौरान नियमों की सख्ती से पालन किए जाने को लेकर तत्परता दिखाई जा रही है ।इसका साफअसर नगर में दिखाई दे रहा प्रशासन द्वारा लोगों को परेशानी ना उठानी पड़ेगी इसलिए नियमों में कुछ रियायतें भी दी जा रही है नगर में फल सब्जी एवं दूध आदि की व्यवस्था बनाए रखने के लिए तथा लोगों को मेडिकल एवं अस्पताल जाने में परेशानी ना हो इसके लिए कुछ छूट भी दी जा रही है लेकिन कुछ मामलों में लोगों द्वारा लॉकडाउन के दौरान करवाना महामारी के नियमों का उल्लंघन किए जाने को लेकर सांकेतिक व आंशिक रूप से कार्यवाही कर नियमों के पालन के लिए संदेश दिया जा रहा है ।इसी कड़ी में पुलिस द्वारा शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी के आदेश क्रमांक एफ/ सा .लि./2021 के अनुसार कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है, इस दौरान संपूर्ण दुकानों को बंद एवं आम जनता को सार्वजनिक स्थानों पर घूमने फिरने पर प्रतिबंधित किए जाने के आदेश के परिपालन में बोड़ला पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग गश्ती के दौरान वार्ड क्रमांक 14 शारदा नगर निवासी दुलारी नेताम पिता अंकलहा नेताम उम्र 50 साल एवं गोपी राम नेताम पिता दुलारी नेताम उम्र 19 साल को बेवजह घूमते फिरते पाए जाने पर व संक्रमण के दौरान मानव जीवन में संकट उत्पन्न करने का कृत्य पाए जाने पर आपदा प्रबंधन के नियमों का उल्लंघन करना पाया गया ,जिस पर पुलिस द्वारा घूमने घूमने फिरने व नियमों की अवहेलना करते पाए जाने पर अपराध क्रमांक 81 /2021 धारा 269 भादवि आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया ।

## रोज़गार सहायकों ने सचिव को लिखा पत्र, बीमा कवर देने की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

**खरोरा।** छग ग्राम रोज़गार सहायक संघ ने राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री आर प्रसन्ना साहब को पत्र लिख कर रोजगार सहायकों को बीमा कवर देने की मांग कियॉ है।

प्रदेश अध्यक्ष संतोष सोनवानी,प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सोनवानी एवं प्रदेश महासचिव भीखम साहू ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी करते हुवे बताया कि प्रदेश भर में ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा कार्यो का क्रियान्वन करते है।यह कि रोजगार गारंटी योजना पूरे देश मे पंजीकृत मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोज़गार उपलब्ध कराने का सबसे बड़ा साधन है।कोविड 19 जैसे महामारी में भी पिछ्ले वित्तीय वर्ष में मनरेगा में छग में रोज़गार सहायकों ने रिकार्ड रोजगार दिवस सृजन कर लोगो को रोजगार दिया जिसकी सराहना माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं माननीय पंचायत मंत्री जी ने भी की।एवं रोज़गार सृजन व 100 दिवस रोजगार के उपलब्धि के लिए छग को प्रतिवर्ष पुरुस्कार भी प्रास होते रहा है।

चूंकि मनरेगा अधिनियम में रोजगार मुलक अधिकतम कार्य अप्रैल,मई, जून माह में ही होते है। वर्तमान समय मे कोरोना महामारी का संक्रमण बहुत तीव्र गति से प्रसार में है। वही मनरेगा के सभी कार्य समूह मुलक सामूहिक ही होते है जहां पर 50 से ज्यादा संख्या में मजदूर कार्य करते है।

## कोपरा-तर्रा नहर लाइनिंग स्तरहीन निर्माण की भेंट चढ़ा

नवप्रदेश संवाददाता

**गरियाबंद।** इन दिनों कोपरा - तर्रा नहर लाइनिंग का काम जोरों पर चल रहा है। निर्माण भी ऐसा की गुणवत्ता का तनिक भी ध्यान नहीं रखा गया है अर्थात ठेकादार पैसे मुफ्त में बहा रहे हैं। शासन प्रशासन ने मजबूत नहर बनाने के लिए ठेका के माध्यम से यह निर्माण करवाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा विधायक राजिम अमितेश शुक्ल के प्रयास से करोड़ों रुपया की स्वकृति दिलाई। ताकि किसानों को ऐन वक्त पर उनके खेतों में पानी पहुंचे और सिंचाई की समस्या ही ना रहे। परंतु ठेकेदार द्वारा ऐसे स्तरहीन काम करवाया जा रहा है। जो एक ही बरसात में पूरी तरह बह जाने का अंदेशा है। एक इंच से भी कम मोटाई के ढलाई हो रहा है। जिसे देखकर थूक पॉलिश से कम नहीं लगता है। इस संबंध में तर्रा के लोगों ने आवाज उठाई कि तर्रा के नहर में लाइनिंग निर्माण गुणवत्ताहीन है इसे मजबूत व टिकाऊ बनाई जाए लेकिन इनकी आवाज यही तक सिमट कर गई। यदि इस तरह से काम करने वाले ठेकेदारों को तवज्जो मिलने लगेंगे तो निहायत ही प्रदेश का कीमती पैसा व्यर्थ खत्म करने के बराबर है। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों की उदासीनता कई प्रश्नों की ओर इंगित कर रही है। बता दें कि जिले में नदी तालाब सूख गए हैं जलस्तर नीचे चला गया है जिससे पानी की समस्या बढ़ गई है। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भावसिंह साहू ने बताया कि जनपद सभापति सेन एवं तर्रा के ग्रामीणों ने गुणवत्ता हिन निर्माण की शिकायत की थी। जिस पर शनिवार को कांग्रेस जिला महामंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, गौठान समिति अध्यक्ष नंदकुमार साहू, तुला राम साहू, गिरधारी लाल स हू, गिरवर साहू, कांता पटेल और राजू साहू सहित ग्रामीणों ने नहर लाइनिंग कार्य का निरीक्षण किया। शिकायत को सही पाए जाने पर कांग्रेस नेताओं ने कार्रवाई के लिए जिला प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक अमितेष शुक्ल और कलेक्टर गरियाबंद को पत्र प्रेषित कर कार्रवाई की मांग की है।

## राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा नेताओं का धरना नौटंकी : साहू

**बेमेतरा/नांदघाट।** देश मे फैली कोरोना महामारी ने पूरा प्रदेश को झझोर कर रख दिया है। इस कोरोना में रोज हजारों माता पिता अपनों को खो रहे है। लोगो के पास स्वास्थ्य के तमाम सुविधा होने के बावजूद भी कोरोना के सामने आज बेबस नजर आ रहा है। तो वही संकट के घड़ी में देश की बडी पार्टी कहे जाने वाली भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओ ने इस कोरोना संकट के घड़ी में भी राजनीति करने में बाज नही आ रहे है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्षेत्र के लोगो के लिए और क्या हो सकता है? ये अपने आप में महत्वपूर्ण सवाल है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के नेताओ एवं कार्यकर्ताओं ने कोरोना महामारी के रोकथाम को नियंत्रण करने में सूबे के मुखिया भूपेश बघेल की सरकार को नाकाम बताते हुए अपने घर से सामने में उनकी विफ्लता गिनाते हुए धरना प्रदर्शन को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदघाट के अध्यक्ष सुशील साहू ने भाजपा की राजनीतिक नौटंकी कहते हुए आगे कहा कि भाजपा को बाज आना चाहिए क्योंकि देश और प्रदेश एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां लोगों को मदद की आवश्यकता है, ऐसे में राजनीतिक दलों को एक साथ खुलकर सामने आकर इस महामारी से एकजुट होकर लड़ना

चाहिए। परन्तु इस संकट की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी का छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ धरना करना उनकी असहयोग की धारणा को दर्शाती हैं। यह पहल पूरा पूरा तुच्छ राजनीति को प्रेरित करता हैं। अलताफ़ने कहा कि जो भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में 15 साल सरकार चलाने के बाद भी यहां की स्वास्थ्य की तमाम व्यवस्था को ठीक नहीं कर पायी। उनको इस संकट के घड़ी में भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में हो रहे बेहतर रोकथाम के कार्यो में प्रश्न उठाना शोभा नहीं देता हैं।

वहीं सुशील साहू ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ शासन कोरोना महामारी से लड़ने के लिए सभी पहलुओं पर ध्यान दे रही है और कोरोना को हराने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए सरकार शुरूआत से ही सजग थी।

## नाबालिक अपहृता को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

**बेमेतरा।** प्रार्थी थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22 अप्रेल को मेरी नाबालिक लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है की रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध क्र. 248/2021 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं थाना स्टाफ को अपहृता एवं आरोपी के पता तलास करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना अपहृता एवं आरोपी के पता तलास के दौरान दिनांक 22 अप्रेल को थाना बेमेतरा क्षेत्र अंतर्गत रहने वाला आरोपी आमेन्द्र वर्मा पिता नरेश वर्मा उम्र 19 साल के कब्जे से अपहृता को रायपुर से बरामदगी की कार्यवाही की गई।

**एक दिवसीय धरना** | **अपनी जान खुद ही बचाओ न बाबा है न बघेल**

# भाजपा का धरना-कोरोना से लड़ने में सरकार है पूरी फेल

**बालोद।** जिले भर में भाजपाइयों ने अपने घरों के सामने धरना दिया और तख्ती के साथ नारेबाजी की. कोरोना से लड़ने में सरकार है पूरी फेल, अपनी जान खुद ही बचाओ न बाबा है न बघेल ऐसे कई कांग्रेस सरकार की नाकामी बताती तख्ती नारों के साथ भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया.

### भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

करोना संक्रमण के वर्तमान परिस्थिति से निपटने में छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो चुकी है. इस निकम्मी सरकार के खिलाफभारतीय जनता पार्टी प्रदेश के आव्हान पर धरना का आयोजन किया गया. जिसमे सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कोरोना गाइडलाइन

का पालन करते हुए धरना दिए. इस धरना में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल व भाजपा जिला अध्यक्ष केसी पावर, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा तोमन साहू के नेतृत्व में प्रदेश के समस्त पदाधिकारी जिला एवं मंडल के समस्त कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर शामिल हुए. भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जयसवाल ने प्रदेश सरकार को पूरी तरह विफल बताया. सरकार के 13 मंत्रियों को कोरोना योद्धा बताकर अखबारों में व शहर में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर प्रचारित किया गया, आज के इस विकट परिस्थिति में यह सभी करोना योद्धा मंत्री लापता हो गए हैं. प्रदेश में भयावह की स्थिति बनी हुई है. अस्पतालों में ऑक्सीजन एवं वेंटिलेटर की कमी, रेमडिशिविर की कालाबाजारी हो रही है तथा कचरा वाहन में शव ले जाया जा रहा है. यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। वहीं किसान मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हेल्पडेस्क के माध्यम से आम जनों के बीच जाकर सहयोग प्रदान कर रहे हैं, अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रोत्साहित कर सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### कोरोना नियंत्रण में असफल है सरकार, इस्तीफा दे- आदित्य पिपरे

कोरोना लगातार छत्तीसगढ़ में बढ़ता जा रहा है। लगातार मौतें हो रही हैं स्थिति संभाल नहीं पा रही है। ऐसे में भाजपा व भाजयुमो इसका विरोध कर रही है और इसी क्रम में प्रदेश स्तरीय आह्वान पर शनिवार को भाजपा व भाजयुमो के द्वारा अपने घरों के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष आदित्य पिपरे ने कहा कि कोरोना के नियंत्रण में सरकार पूरी तरह से नाकाम हो गई है ऐसे में भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बनने के काबिल नहीं है उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। हम छत्तीसगढ़ में राष्ट्रपति शासन लागू करने मांग कर रहे हैं। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष व जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 18 आदित्य पिपरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के आह्वान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। अपने अपने निवास स्थान में यह धरना दिया गया। भूपेश सरकार के खिलाफ यह प्रदर्शन किया गया।

### इतिहास के पन्नो पर दर्ज हो रही भूपेश सरकार की नाकामी

भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजीव शर्मा ने कोरोना को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार की नाकामी, अव्यवस्था तथा संवेदनहीनता के खिलाफअपने निवास के सामने धरना प्रदर्शन किया। शर्मा ने कहा कि इतिहास के पन्नो पर दर्ज हो रही भूपेश सरकार की नाकामी, पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है कोरोना महामारी को लेकर लोग सदमे में है,भयभीत हैं, डरे हुए हैं। लोग जहां भी समाधान के लिए नजर डालते हैं दूर तक समस्याएं नजर आती हैं। लगातार लोग सरकार की इस अव्यवस्था के कारण, जिला चिकित्सालय हो चाहे प्रदेश के अस्पताल समस्त छत्तीसगढ़ भर में पर्याप्त समस्या मरीजों को झेलनी पड़ रही है और छत्तीसगढ़ के आम जनों का जीवन संकट में है संकट के इस दौर में सरकार गंभीर नजर नहीं आ रही है जो अत्यंत आवश्यक मेडिसिन है वह ब्लैक में बिक रहे हैं।

# एसईसीएल के 32 कर्मचारियों की बरखस्तगी की लड़ाई में मिली सफलता

## सीएम, पीएफ, ग्रेजवटी को जारी करने का हुआ आदेश, सर्वोच्च न्यायालय से विधिक सलाह पर एसईसीएल ने मानी अपनी गलती

■ **अध्यक्ष सह प्रबंधक को जीएम पर्सनल ने जारी किया आदेश**

*नवप्रदेश संवाददाता*

**कोरिया/चिरमिरी।** बीते ढाई वर्ष से 32 बर्खास्त एसईसीएल चिरमिरी के कर्मचारियों की लड़ाई लड़ रहे मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक डॉ.विनय जायसवाल ने आखिर कर विजय हासिल कर ही ली जो अपनी जीत का श्रेय 32 बर्खास्त कर्मचारियों के साथ उनके पुरे परिवार को दे रहे जो इस भीषण कोविड - 19 महामारी में भी अपने परिवार को सकुशन जीवन यापन करने के लिए जद्दोजहद कर रहे है । इस पुरे मामले में विधायक डॉ.विनय जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया की बीते ढाई वर्षो से लगातार अपने लोहा उठाने वाले श्रमिकों की लड़ाई में आज पहला पढ़ाओ को पार कर लिया जो उनके जीवन और उनकी 40 वर्षो की मेहनत जो उन

लोग ने अपने परिवार के जीवन को चलाने के लिए जमा की थी । वह उनके हाथो में आने वाली है । जिसका विभागीय पत्र क्रमांक - आरईएफ/ एसईसीएल/ बिलासपुर/ आईआर/ 2021/34/12 को जारी करते हुए एसईसीएल बिलासपुर के अध्यक्ष सह प्रबंधक सहित डारेक्टर पर्सनल एसईसीएल बिलासपुर, जीएम बिलासपुर, मैनेजर बिलासपुर को जीएम पर्सनल ने सर्वोच्च न्यायालय से विधिक सलाह की जानकरी देते हुए इस 32 कर्मचारियों की बरखस्तगी को गलत बताते हुए एक अच्छी कार्यवाई का हवाला दिया जो किसी अन्य व्यक्ति की निराधार शिकायत पर कार्यवाई को गलत बताया और अपने आदेश में बर्खास्त कर्मचारियों को उनके सीएम/ पीएफ/ ग्रेजवटी को तत्काल जारी करने की बात कही है ।

बहरहाल आपको बता दे की एसईसीएल में पहली बार ऐसा हुआ है जब मुख्य महाप्रबंधक चिरमिरी के कार्यालय कि तालाबंदी के बाद विधायक डॉ.विनय जायसवाल के द्वारा इस लड़ाई की शुरवात की थी ।

और अपने चिरमिरी के 32 बर्खास्त श्रमिक परिवार जो की सड़क पर आ गये थे, उनका हक दिलाने का जिम्मा लिया था जो आज ढेड़ वर्ष की निरंतर संघर्ष के बाद पहली जीत के साथ समाप्त हुई। अब वह बर्खास्त 32 श्रमिक अपने जीवन भर की कमाई की एक बड़ी राशि पाने को आतुर दिख रहे है । जिनके घरों में इस भीषण महामारी में भी दीवाली पर्व मनाया जा रहा जो अपने विधायक को खुले दिल से बधाई और उनका आभार व्यक्त करते दिख रहे है ।

# करोना के विरुद्ध लड़ाई में बिहान समूह की महिलाएं निभा रही अहम भूमिका

## करोना से बचाव, जागरूकता व टीकाकरण कराने में जुटी है महिलाएं

■ **लॉक डॉउन में 50 लाख से ज्यादा का ट्रांजेक्शन BC सखी द्वारा**

*जीवन एस साहू*

**गरियाबंद (नवप्रदेश)।** वैश्विक महामारी कोविड-19 के चलते जीवन पूरी तरह से सिमट के रह गया है। जिले में लगातार बढ़ रहे पॉजिटिव लोगो की संख्या के कारण कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा गरियाबंद जिला को पुर्णतः लॉकडाउन 13 अप्रेल से 26 अप्रेल तक घोषित किया गया है ताकि महामारी के संक्रमण को कम किया जा सके। इस महामारी में चन्द्रकांत वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के सतत निर्देषन में जिलें में गठित बिहान अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा करोना वारियर्स की भूमिका निभाया जा रहा है। जहां एक तरफ महिलाएं अपनी आजीविका को सुचारू रूप से संचालित कर रही है वही अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को भी बखूबी रूप से निभा रही है।

### लॉकडाउन में सब्जी वेंडर के रूप में कार्य

गरियाबंद ब्लाक में बिहान की दीदियो के द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए लोगो को जागरूक करने के साथ साथ सब्जियों की पूर्ति करने के लिए सब्जी वेंडर के रूप में स्थानीय गाव में ही ठेले एवं गाड़ी के द्वारा टमाटर, धनिया, भिंडी, लौकी, मिर्ची, आलू, विभिन्न प्रकार की भाजी आदि सब्जियों का विक्रय किया गया जिससे की लोगो को लॉक डाउन में घर से भर न निकलना पडे और संतुलित फ्रेश सब्जियों उनके द्वार तक प्राप्त हो जाये। कोविड-19 से बचाव का ऑनलाइन प्रशिक्षण राज्य व जिला स्तर से नियमित रूप से प्रदान किया जा रहा है। बिहान की दीदियो के द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए ब्लाक स्टाफ के द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया जिसमे वैक्सीन के बारे में जानकारी, सामाजिक दूरी, मास्क लगाना, संतुलित आहार, सामान्य लक्षण दिखाई देने पर डॉक्टर के पास जा के टेस्ट करवाना, बेवजह बहार न निकलना आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया और उनके द्वारा पूछे गये सवालों का निराकरण किया गया ।

### इस दौर में पंचायत व ग्रामीण विकास योजना ग्रामीणों का सहारा

विषेषकर मनरेगा द्वारा कराये जा रहे कार्य, बिहान के आजीविका के कार्य व छत्तीसगढ़ शासन की महत्वांकाक्षी योजना नरवा, घुरूवा, गरवा, बाडी है। इससे न केवल व्यक्ति स्वंय की आजीविका को सुचारू रूप से चला रहा है वरन समाज को भी उसका लाभ प्राप्त हो रहा है। जिसमें समूह की महिलाओं द्वारा गौठानों में वर्मी व नाडेप खाद का संग्रहण, बाडी में जैविक सब्जियों व फलों का उत्पादन के साथ साथ समूह की दीदियों द्वारा मासाला निर्माण, सेनेटरी पैड निर्माण, मास्क निर्माण, साबुन निर्माण, विभिन्न खाद्यान इत्यादि जैसे अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही है।

कोविड-19 टीकाकरण में बिहान की दीदियो का सहयोग नियमित रूप से स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर लगातार कार्य किया जा रहा है। बिहान की दीदियो के द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए लोगो को जागरूक करने के साथ साथ विभिन्न ग्राम पंचायतो के टीकाकरण केन्द्रों में बैंक सखी और सीआरपी दीदियो के द्वारा 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगो का फार्म भरना, ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य स्वास्थ विभाग के साथ मिलकर किया जा रहा है । टीकाकरण का मुख्य उददेश्य कोविड-19 के संक्रमण को फैलने से रोकना एवं लोगो का इस महामारी से बचाव करना है ।

### लॉकडाउन में बिहान की दीदियो के द्वारा किया गया कार्य

समूह की महिलाओं की चार दल जिला स्तर पर बनाया गया है जो कि नगर पंचायत के साथ समन्वय स्थापित कर जिला के शासकीय भवनों, जिला पंयायत इत्यादि में सतत सेनिटाइजेषन का कार्य किया जा रहा। सम्पूर्ण जिले में समूह द्वारा लगातार लोगो को कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। बिहान की दीदियो के द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए लोगो को जागरूक करने के लिए घर घर की दिवालो में कोरोना से बचाव के नारे का किया गया जिससे आम जनता पढ़कर जागरूक हो सके । हाथ धुलाई करके लोगो को जागरूक करना। गरियाबंद ब्लाक की बिहान की दीदियो के द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए लोगो को जागरूक करने के लिए हाथ धुलाई का कार्य, सैनीटायजर का उपयोग, मास्क लगाने, सामाजिक दूरी बना कर रखने और आवश्यकता पडने पर ही घर से बहार निकलने के लिए प्रेरित किया गया ।

# कोरोना से निपटने हम तैयार हैं, आपका साथ चाहिए : कलेक्टर रमेश शर्मा

■ **जिला प्रशासन और माननीय मंत्री अकबर के सहयोग से अनवरत जारी है स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी**

*नवप्रदेश संवाददाता*

**कवर्धा।** कवर्धा जिला कलेक्टर ने जिले की जनता से कहा है कि कोरोना नियंत्रण के लिए शासन व जिला प्रशासन स्तर पर हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन हमें जनसहयोग भी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता जागरूक हों और कोरोना के लक्षण होने पर तत्काल उपचार शुरू कराएं, जिससे आपातकाल घटाई जा सके। उन्होंने कहा कि हमने जिले के स्वास्थ्य सेवाओं की गति लगातार तेज कर दी है। इसके लिए बाकायदा माननीय मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा भी सहयोग दिए जा रहे हैं। उन्होंने जिले को अब तक 286 जम्बो ऑक्सीजन सिलेंडर, 5 ऑक्सी फ्लो थेरेपी मशीन उपलब्ध करवाया है व जल्द ही उनके माध्यम से 3000 रेमडीसीवीर इंजेक्शन भी उपलब्ध कराने का आश्वासन मिला है।

### ऑक्सीजन युक्त बिस्तरों की संख्या बढ़ाई गई

जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में कोरोना की स्थिति को देखते हुए स्टेप बाई स्टेप त्वरित निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य केंद्रों में ऑक्सीजन युक्त बिस्तरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। उन्होंने बताया कि-

- डेडिकेट कोविड अस्पताल में 100 में से 98 ऑक्सीजन युक्त बिस्तर हैं।
- इसी प्रकार जिला अस्पताल में लक्षण युक्त कोरोना नेगेटिव मरीजों के लिए 39 ऑक्सीजन युक्त बिस्तर उपलब्ध हैं।
- जिला अस्पताल परिसर स्थित सुधा देवी धर्मशाला में 50 बिस्तर ऑक्सीजन युक्त बिस्तरों की व्यवस्था कर दी गई है। कोविड केयर सेंटर में बेड फूल होने की स्थिति में यहां सेवाएं शुरू कर दी जाएगी।
- कोविड केयर सेंटर महराजपुर में 350 बिस्तरों में से 50 बिस्तर ऑक्सीजन युक्त हैं। सुखद खबर यह है कि जरूरत पड़ने पर यहां 75 ऑक्सीजन युक्त बिस्तर बढ़ाने के लिए व्यवस्था एडवांस में रखा गया है।

### कहा कितने बेड रिक्त

**जिले में कोविड मरीजों के लिए ऑक्सीजन युक्त व बिना ऑक्सीजन रहित बेड की व्यवस्थाओं को दिनांक 25 अप्रैल रविवार की स्थिति में इस तरह समझ सकते हैं-**

- डेडिकेटेड कोविड अस्पताल - कुल बिस्तर 100
- कुल ऑक्सीजन युक्त बिस्तर 98
- कुल रिक्त बिस्तर 28 ऑक्सीजन युक्त व 2 ऑक्सीजन रहित सहित।

***कोविड केयर सेंटर महराजपुर***

- कुल बिस्तर 300
- कुल ऑक्सीजन युक्त बिस्तर 50
- कुल रिक्त बिस्तर ऑक्सीजन युक्त 43 व ऑक्सीजन रहित 208 बिस्तर।

***जिला अस्पताल कवर्धा***

- कुल बिस्तर 100
- कुल ऑक्सीजन युक्त बिस्तर 39
- कुल रिक्त बिस्तर 11 ऑक्सीजन युक्त, 59

***सुधा देवी धर्मशाला***

- कुल बिस्तर 50
- कुल ऑक्सीजन युक्त बिस्तर 50
- कुल रिक्त बिस्तर 50

### लक्षण वाले व्यक्तियों को तत्काल दी जाएगी दवाएं

शासन स्तर पर कोरोना नियंत्रण के लिए पहल किये जा रहे हैं। गत दिनों मुख्य मंत्री भूपेश बघेल व स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव द्वारा जिला कलेक्टर्स की वर्चुअल बैठक लेकर इस सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि इसी कड़ी में राज्य शासन ने कोविड लक्षण वाले व्यक्तियों को तत्काल दवा शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए बाकायदा मितानिनों व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर घर-घर सर्वे करवाया जाएगा व लक्षण वाले लोगों को तत्काल दवा देकर इस सम्बंध में काउंसलिंग कराया जाएगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि टेस्टिंग सेंटर्स में भी उक्त दवाओं के पैकेट्स उपलब्ध करवाए जाएंगे ताकि यदि जांच कराने वाले व्यक्ति का रिपोर्ट पॉजिटिव आया तब भी या लक्षण वाले लोगों के रिपोर्ट नेगेटिव आने पर भी उन्हें लक्षण के आधार पर दवा दी जा सके।

# अतरमरा में जलस्त्रोत सूखा पानी के लिए हाहाकार

**अतरमरा के सैकड़ो ग्रामीण पहुँचे थे मासुर बियर**

*नवप्रदेश संवाददाता*

**गरियाबंद।** छुरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अतरमरा में पेयजल एवं निस्तारी के लिए पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर लिए हैआज गांव की आधे आबादी सड़को पर उतर आए थे। पेयजल एवं निस्तारी के लिए अतरमरवासी तरस रहे हैं। लोगों में मारामारी एवं तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है।गांव के किसी भी तालाब में निस्तारित सुविधा हेतु पानी नहीं है। सभी तालाब पूर्ण रूप से सूख चुके हैं। निस्तारी एवं पेयजल की समस्या काफी गंभीर है। स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर राजिम विधायक एवं जल संसाधन विभाग के आला अधिकारी के समक्ष सिकासेर एवं तौरेंगा जलाशय से नहर नाली में पानी दिए जाने हेतु लगातार ग्रामवासियों द्वारा मांग की जा रही है,किंतु दुर्भाग्य है इन जनप्रतिनिधियों के कानों में जु तक नही रेंगी। नहर नाली में निर्माण कार्य चलने का हवाला देकर ध्यान नहीं दे रहे हैं तथा अभी तक पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। आसपास के ग्राम पंचायतों को निस्तारित सुविधा हेतु नहर नाली के माध्यम से पानी दिया गया है किंतु सिर्फ अतरमरा ग्राम को पानी नहीं दिया जा रहा है।गांव के सारे कुवें, तालाब, बोर सुख गए है जिस कारण अतरमरा में निस्तारी सहित पीने की पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। अतरमरा के नहर नाली में पानी नहीं दिए जाने के कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश था।इसी तारतम्य में आज गांव के आधे आबादी के महिला,पुरुष, युवा वर्ग एक दल जल संसाधन विभाग पांडुका के अधिकारियों के पास गया जो सीधे सीधे पानी देने से मना कर दिया साथ ही हाथ खड़े कर दिए।तब समस्या को देखते हुए गांव के लोगो ने तौरेगा जलाशय को स्टाप करके स्वयं नहर नाली के माध्यम से तौरेगा जलाशय का पानी अतरमरा की ओर छोड़ दिये है

आज अतरमरा गांव में मरता क्या नहीं क्या करता की स्थिति बन गई है।तौरेगा जलाशय से मासुर जोर के उलट से पानी को अतरमरा की ओर लाने के लिए युवाओं ने बीड़ा उठाया है।अगर अतरमरा वासियो को पानी नही मिलता है तो हाहाकर मच जाएगा।गांव में लोग त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे है।घण्टो लाइन लगाकर पानी के लिए लड़ते हुए देखा जा सकता है।स्तिथि विकराल रूप धारण कर चुके है।मवेशियों के पीने के पानी की व्यवस्था दूभर हो गया है।आज इस कार्य मे अतरमरा गांव की महिला,पुरुष एवं युवावर्ग खुलकर सामने आए है। साथ ही इन पुनीत कार्य की गांव में चारो ओर प्रशंसा हो रही है।

## बेमेतरा जिले मे 10 डॉक्टरों की पदस्थापना

**बेमेतरा।** प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 296 एमबीबीएस उत्तीर्ण नव नियुक्त संविदा डॉक्टरों की पदस्थापना आदेश जारी कर दिए हैं। इनमे बेमेतरा जिले मे 10 डॉक्टर पदस्थ किये गये हैं। बीते दिनों 21 अप्रेल को संचालनालय स्वाथ्य सेवाऐं छ.ग. इन्द्रावती भवन नवा रायपुर से जारी आदेश के अनुसार इन चिकित्सकों को आदेश जारी होने के 10 दिनों के भीतर पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनका नियुक्ति आदेश स्वतः निरस्त माना जाएगा। इन चिकित्सकों की पदस्थापना प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों आदि में की गई है। उन्हे सामान्य क्षेत्र मे एकमुश्त 45 हजार (पैंतालीस हजार) रुपये एवं अनुसुचित क्षेत्र मे 55 हजार (पचपन हजार) रुपये एकमुश्त मानदेय दिया जायेगा। बेमेतरा जिले मे 10 संविदा चिकित्सको की पदस्थापना कर दी गई है, इनमें अनमोल मिश्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरेसरा, आशुतोष नाहक प्रा.स्वा. केन्द्र देवकर, आयुष जैन प्रा.स्वा. परपोड़ी, भेखराम प्रा.स्वा. केन्द्र आनंदगांव, दीक्षांत शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थानखम्हरिया, नरेन्द्र कुमार महेश्वरी प्रा.स्वा. केन्द्र सरदा, प्रियंका पाटले प्रा.स्वा. केन्द्र देवरबीजा, रोशन कुमार प्रा.स्वा. केन्द्र कटई ब्लॉक नवागढ़, चन्द्रशेखर वर्मा प्रा.स्वा. केन्द्र संबलपुर ब्लॉक नवागढ़ एवं लिकेश कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जेवरा जिला बेमेतरा शामिल हैं।

# नयापारा पंचायत में काम बंद मजदूरी के लिए दर-दर भटक रहे मजदूर

*नवप्रदेश संवाददाता*

**देवभोग।** राज्य सरकार के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी लगातार पंचायत के जिम्मेदारों को रोजगार मूलक कार्य कराने के लिए निर्देश दिया जा रहा है। ताकि गरीब तबके के मजदूरों को इस विकराल स्थिति में रोजगार मिले और घरों का चूल्हा जल पाए। लेकिन नयापारा पंचायत के सरपंच सचिव की उदासीनता के चलते सीसी सड़क के कार्यो को रोक दिया गया है जिसके चलते धुर्वापाथर के मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। ऐसे में मजदूरों के घर का चूल्हा जलना भी मुश्किल है। इसके अलावा 5 परिवार के लोगों का आवागमन भी बाधित हो गया है। क्योंकि पंचायत द्वारा सड़क के बीचो बीच गिट्टी रेती डाल रखा है। जानकारी अनुसार नयापारा पंचायत के आश्रित ग्राम

धुर्वा पाथर 14वें वित्त के तहत 200000 से अधिक राशि से सड़क निर्माण के लिए मटेरियल गिराया गया है। लेकिन पिछ्ले 20 दिन से काम बंद कर रखा हैं। और मजदूरों द्वारा सड़क निर्माण शुरू करने के सवाल पूछने पर लॉकडाउन का हवाला देकर सचिव एवं सरपंच अपना अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। जबकि मनरेगा के तहत भी निर्धारित दिवस अनुसार रोजगार नहीं दिया गया ऐसे में घर पर बैठकर परिवार का पेट किस तरह भरा जा सकता है। जिसकी परवाह ना सचिव को है ।और ना जिम्मेदार अधिकारियों को मतलब पंचायत के जिम्मेदार अपने लाभकारी कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करते हैं ।लेकिन जहां मजदूरों की बात होती है। तो सरपंच सचिव अपने हाथ खड़े कर देते हैं ।यही वजह है कि इस पंचायत के अधिकांश मजदूर मजदूरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। क्योंकि अधिकांश मजदूर रोज की मजदूरी के भरोसे ही परिवार का भरण पोषण करते हैं ।तभी किसानों के समक्ष

> लॉकडाउन है तभी हमने सड़क निर्माण नहीं कराया और हमें किसी ने कराने के लिए नहीं कहा है ।
>
> **भोज नाथ भाटी,**
> सचिव ग्राम पंचायत नयापारा

पहुंचकर मेड़बंदी समतलीकरण जैसे अन्य कार्यों की स्वीकृति के लिए कहा जाता है ।क्योंकि जिनकी मनरेगा के तहत कार्य स्वीकृत हुई है ।वह कार्य कराने के लिए इच्छुक दिखाई नहीं पड़ते ।जिससे ना सचिव वास्ता रखते हैं और ना मनरेगा के जिम्मेदार अधिकारी कोई खबर होती है। ऐसे में प्रगति कार्य को रोकना पंचायत कर्मी पर सवाल खड़ा करता है। उनकी अधिकारियों के रोजगार देने के आदेश का खुलेआम माखौल उड़ाया जा रहा है ।